● सीधी, सिंगरौली ,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 142, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार , 29 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



राहुल गांधी ने आरएसएस पर साधा निशाना 5



पंत शतक लगाकर बना सकते हैं इतिहास 6

## भारत विश्व की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है : पीएम

### पीएम मोदी ने जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज की जयंती के शताब्दी समारोह में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज की जयंती के शताब्दी समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित भी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज के विचारों ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्रेरित किया है। पीएम मोदी ने एक जैन संत के पिछले प्रवचन का भी जिक्र किया और कहा कि वे ऑपरेशन सिंदूर को आशीर्वाद दे रहे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री की ओर से यह कहे जाने पर कि जो हमें छेड़ेगा..., वहां मौजूद लोगों ने जमकर भारत माता की जय के नारे लगाए। हालांकि, पीएम मोदी ने इस मुद्दे पर आगे कुछ नहीं कहा।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने अपने नौ संकल्पों को दोहराया और लोगों से उनका पालन करने की अपील की। संकल्प हैं- पानी बचाना, मां की याद में एक पेड़ लगाना, स्वच्छता, वोकल फॉर लोकल, देश में अलग-अलग जगहों की यात्रा करना, प्राकृतिक खेती को अपनाना, सेहतमंद जीवनशैली अपनाना, खेल व योग अपनाना और गरीबों की मदद करना।



पीएम मोदी ने कहा, आज हम सब भारत की अध्यात्म परंपरा के एक महत्वपूर्ण अवसर के साक्षी बन रहे हैं। पूज्य आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज, उनकी जन्म शताब्दी का ये पून्य पर्व उनकी अमर प्रेरणाओं से ओत-प्रोत यह कार्यक्रम एक अभूतपूर्व प्रेरक वातावरण का निर्माण हम सबको प्रेरित कर रहा है। मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं। मुझे आने का अवसर देने के लिए आप सब का आभार व्यक्त करता हूं। आज का ये दिन एक और वजह से बहुत विशेष है। 28 जून यानी, 1987 में आज की तारीख पर ही आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज को आचार्य पद की उपाधि प्राप्त हुई थी। ये सिर्फ एक सम्मान नहीं था, बल्कि जैन परंपरा को विचार, संयम और करूणा से जोड़ने वाली एक पवित्र धारा प्रवाहित हुई।

उन्होंने कहा, आज जब हम उनकी जन्म शताब्दी मना रहे हैं, तब ये तारीख हमें उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाती है। इस अवसर पर आचार्य विद्यानंद मुनिराज की चरणों में नमन करता हूं। उनका आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे, ये प्रार्थना करता हूं। आज इस अवसर पर आपने मुझे धर्म चक्रवर्ती की उपाधि देने का जो निर्णय लिया है, मैं खुद को इसके योग्य नहीं समझता हूं, लेकिन हमारा संस्कार है कि हमें संतों से जो कुछ मिलता है उसे प्रसाद समझकर स्वीकार किया जाता है। इसलिए मैं आपके इस प्रसाद को विनम्रता पूर्वक स्वीकार करता हूं और मैं भारती के चरणों में अर्पित करता हूं। पीएम मोदी ने कहा, भारत विश्व की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। हम हजारों वर्षों से अमर हैं, क्योंकि... हमारे विचार अमर हैं, हमारा चिंतन अमर है, हमारा दर्शन अमर है। इस दर्शन के स्रोत हैं- हमारे ऋषि-मुनि, महर्षि, संत और आचार्य। आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज, भारत के इसी परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तंभ हैं। आचार्य विद्यानंद महाराज कहते थे कि जीवन तभी धर्ममय हो सकता है, जब जीवन स्वयं ही सेवामय बन जाए। उनका ये विचार जैन दर्शन की मूल भावना से जुड़ा हुआ है, ये विचार. भारत की चेतना से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, भारत सेवा प्रधान देश है, मानवता प्रधान देश है। दुनिया में जब हजारों वर्षों तक हिंसा को हिंसा से शांत करने के प्रयास हो रहे थे तब भारत ने दुनिया को अहिंसा की शक्ति का बोध कराया। हमने मानवता की सेवा की भावना को सर्वोपरि रखा।

## डॉ. अम्बेडकर के समाज हित में किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने जौरासी में निर्मित अम्बेडकर धाम का किया अवलोकन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा समाज हित में जो कार्य किए गए हैं उनका हम स्मरण करते हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के नाम से स्मारक बनाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है। इसके द्वितीय चरण के विकास कार्यों का भूमिपूजन शीघ्र होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को ग्वालियर के जौरासी में निर्माणाधीन डॉ. भीमराव अम्बेडकर धाम का अवलोकन करते हुए यह बात कही।



डॉ. भीमराव अम्बेडकर धाम के अवलोकन के अवसर पर कृषि मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, विधायक श्री मोहन सिंह राठौर, पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी और नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में निर्मित किए जा रहे बाबा अम्बेडकर धाम के द्वितीय चरण का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा। मेरे साथ केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह सहित वरिष्ठजन भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा समाज में किए गए कार्यों को सदैव याद किया है। हमने मऊ में डॉ. अम्बेडकर के भव्य स्मारक का निर्माण कराया और हर साल अम्बेडकर की जयंती पर वहाँ कुंभ लगाने का कार्य भी किया जा रहा है। ग्वालियर के जौरासी में भी डॉ. अम्बेडकर धाम का भव्य निर्माण किया जा रहा है।

## देश को एकजुट रखने के एक ही संविधान की जरूरत: सीजेआई

**नागपुर।** नागपुर में देश के मुख्य न्यायाधीश ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के फैसले को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि देश को एकजुट रखने के एक ही संविधान की जरूरत है। हमने संसद द्वारा लिए गए धारा 370 को हटाने के फैसले को सर्वसम्मति से स्वीकार किया, ताकि देश में एक ही संविधान चले। देश के एक राज्य में अलग संविधान बाबा साहब आंबेडकर की विचारधारा के अनुरूप नहीं था। उन्होंने कहा कि संविधान के केंद्रीकृत होने को लेकर बाबा साहब आंबेडकर की खूब आलोचना की गई थी। बाबा साहब ने उस आलोचना का जवाब देते हुए कहा था कि हम देश को सभी चुनौतियों



के लिए उपयुक्त संविधान दे रहे हैं और मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि यह युद्ध और शांति के समय में देश को एकजुट रखेगा। आज हम अपनी 75 साल की यात्रा में देख रहे हैं कि हमारे आसपास क्या स्थिति है? जब भी भारत ने किसी संकट का सामना किया है, तो देश एकजुट रहा है। यह संविधान से ही संभव हुआ है। इससे पहले मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि संविधान ने सरकार के तीन अंगों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की सीमाएं तय की हैं। कानून बनाना विधायिका और राज्य विधानसभाओं की जिम्मेदारी है, जबकि कार्यपालिका संविधान और कानून के ढांचे के भीतर काम करती है।

उन्होंने कहा कि संविधान और नागरिकों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। सीजेआई ने कहा कि अगर न्यायपालिका हर मामले में कार्यपालिका और विधायिका के क्षेत्रों में हस्तक्षेप करने की कोशिश करती है, तो मैं हमेशा कहता हूं हालांकि न्यायिक सक्रियता बनी रहेगी, लेकिन इसे न्यायिक दुस्साहस और न्यायिक आतंकवाद में बदलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

## यमुनोत्री हाईवे के पास भू-धंसाव, आवा जाही हुई बंद

**बड़कोट।** यमुनोत्री हाईवे पर पाली गाड़ के पास देर रात भारी बारिश के चलते भू-धंसाव हो गया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया है। इस वजह से सुबह से ही हाईवे के दोनों ओर सैकड़ों श्रद्धालुओं के वाहन फंसे हुए हैं। यमुनोत्री धाम की यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग (एनएच) की मशीनें मौके पर भेजी गई हैं और मलबा हटाने का काम जारी है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी भारी बारिश का असर देखने को मिल रहा है।

## 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें: शाह

**गोधरा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को युवाओं से आह्वान किया कि वे संकल्प लें कि जब भारत अपनी आजादी की 100वीं वर्षगांठ यानी 2047 में मनाएगा, तब हमारा देश हर क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करेगा। अमित शाह गुजरात के पंचमहल जिले के विनजोल में मौजूद श्री गोविंद गुरु विश्वविद्यालय में 125 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। वे खराब मौसम के कारण कार्यक्रम में खुद नहीं पहुंच सके थे। इस दौरान अमित शाह ने भारत की आजादी की लड़ाई में आदिवासी नेता गोविंद गुरु के योगदान को याद



करते हुए कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान इस क्षेत्र के लोगों की चेतना को जागृत किया। उन्होंने बताया, ब्रिटिश सरकार के खिलाफ संघर्ष में करीब 1,512 आदिवासी भाई-बहनों ने बलिदान दिया, और मांगढ़ (गुजरात) भारत की स्वतंत्रता के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया। अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोविंद गुरु के वीरता के इतिहास को आगे बढ़ाया है और वे 2047 तक भारत को एक महान राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा, हमारे युवाओं और बच्चों को यह संकल्प लेना चाहिए कि जब भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाए, तब हम हर क्षेत्र में दुनिया में प्रथम स्थान पर हों। गृह मंत्री ने बताया कि गोविंद गुरु विश्वविद्यालय की स्थापना का विचार स्वयं नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए किया था। उन्होंने आगे कहा, यह विश्वविद्यालय और गोविंद गुरु का स्मारक पूरे देश के आदिवासी समाज के लिए प्रेरणा का केंद्र बन सके, इस उद्देश्य से यह विचार आया।

## पाकिस्तान में आत्मघाती हमला

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में एक सैन्य काफिले को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती बम विस्फोट में 13 सैनिक मारे गए। हमले में दर्जनों लोगों के घायल होने की खबर है। हालांकि, हताहतों की संख्या बढ़ भी सकती है। सूत्रों के मुताबिक, उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में आज सुबह एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम निरोधक इकाई के माइन-रेसिस्टेंट एम्बुश प्रोटेक्टेड (एमआरएपी) वाहन से भिड़ा दिया। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने कहा कि एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन की सैन्य काफिले से टक्कर करवा दी।

## गोरखपुर में विरासत गलियारा को लेकर सरकार पर बरसे अखिलेश

### बोले- कॉरिडोर के नाम पर लूट तंत्र सक्रिय

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को सपा मुख्यालय में अखिलेश यादव ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गोरखपुर में सपा कार्यकर्ताओं से हुई अभद्रता को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को भाजपा के लोगों ने बुलडोजर लेकर रोका। पीड़ित दुकानदारों से मिलने नहीं दिया। इसमें पुलिस-प्रशासन भी उन्हीं लोगों का साथ दे रहा था। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने आगे कहा कि सीएम ने गोरखपुर के लिए सबसे पहली घोषणा झांसी से की थी। उन्होंने कहा था कि झांसी और गोरखपुर में मेट्रो बनाएंगे। सरकार के नौ साल होने जा रहे हैं। ना तो झांसी में मेट्रो में बनी, ना ही गोरखपुर में। आज गोरखपुर में गोरखधंधा चल रहा है। यदि गोरखपुर वालों ने अपने मुंह खोल दिए तो वहां पर विरासत गलियारा की जगह हिरासत गलियारा बनवाना पड़ेगा।

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन के बीच नई सरकार की तैयारी

### बीरेन सिंह बोले- विधायकों के साथ चल रहीं बैठके

**इंफाल।** मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह ने शनिवार को कहा कि राज्य में एक बार फिर से लोकप्रिय सरकार बनाने की कोशिशें चल रही हैं। इस समय मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्य कार्यालय में एक कार्यक्रम से इतर बीरेन सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राज्य में जल्द ही एक नई सरकार बनेगी।

बीरेन सिंह ने कहा, हम जल्द से जल्द सरकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हम एक राष्ट्रीय पार्टी हैं। जमीनी स्थिति को देखने के बाद मुझे पूरा भरोसा है कि सरकार जल्द



बनेगी। भाजपा और उसके सहयोगी भी एक लोकप्रिय सरकार चाहते हैं। हम लोकप्रिय सरकार की वापसी के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, हमने (भाजपा) किसी की आलोचना नहीं की है। हम केवल मौजूदा संकट पर फोकस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और संबंधित अधिकारियों से बातचीत जारी है, ताकि राज्य में शांतिपूर्ण हल निकाला जा सके। उन्होंने कहा, हम विधायकों की नियमित बैठकें कर रहे हैं, ताकि सरकार की बहाली की दिशा में कदम उठाए जा सकें। सभी लोग शांति की बहाली चाहते हैं। शांति बहुत जरूरी है। पिछले सात-आठ महीनों में समुदायों के बीच कोई बड़ी झड़प नहीं हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार दिन-रात मेहनत कर रही है, ताकि मणिपुर में शांति बहाल की जा सके। मीडिया के एक सवाल के जवाब में बीरेन सिंह ने कहा, मैं पहले भी कह चुका हूं कि अवैध घुसपैठिए और ड्रग माफिया पूरे पूर्वोत्तर और देश को प्रभावित कर रहे हैं। अब धीरे-धीरे सभी लोग इस समस्या को समझने लगे हैं। यह बदलाव एक सकारात्मक संकेत है। हम सब मिलकर इन खतरों से लड़ सकते हैं। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया था, जब मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने पद से इस्तीफा दे दिया था।

## बिहार में चुपचाप एनआरसी लागू कर रहा चुनाव आयोग

### ओवैसी का विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा आरोप

**पटना।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुसलमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले चुपचाप एनआरसी (नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स) को लागू कर रहा है। ओवैसी ने चेतावनी दी कि चुनाव आयोग के इस कदम से कई भारतीय नागरिकों को उनके वोट देने के अधिकार से रोका जा सकता है। इससे जनता का चुनाव आयोग में विश्वास भी कम होगा। एआईएमआईएम प्रमुख ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि अब हर नागरिक को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए दस्तावेजों के जरिए साबित करना होगा कि वह कब और कहां पैदा हुआ और साथ ही ये भी बताना होगा कि उनके माता-पिता कब और कहां पैदा हुए। ओवैसी ने लिखा कि अनुमान के अनुसार, केवल तीन चौथाई जन्म ही पंजीकृत होते हैं, ज्यादातर सरकारी कागजों में भारी गलतियां होती हैं।

## आईपीएस अधिकारी पराग जैन होंगे नए रॉ प्रमुख

**नई दिल्ली।** केंद्र ने पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी पराग जैन को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वे रवि सिन्हा की जगह लेंगे। रवि सिन्हा का मौजूदा कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। पराग जैन का कार्यकाल दो साल होगा। वे 1 जुलाई 2025 तक के निश्चित कार्यकाल के लिए यह पदभार ग्रहण करेंगे। पराग जैन वर्तमान में एविएशन रिसर्च सेंटर का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सशस्त्र बलों और आतंकी शिविरों के ठिकानों के बारे में खुफिया जानकारी एकत्र करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। खुफिया हलकों में सुपर जासूस के तौर पर जाने जाने वाले पराग जैन मानव खुफिया को तकनीकी खुफिया के साथ प्रभावी ढंग से संयोजित करने के लिए जाने जाते हैं।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चुनाव की हलचल तेज

### पर्यवेक्षकों की नियुक्ति से बढ़ी सरगर्मी, प्रधान अगले सप्ताह आएंगे

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक समीकरण एक बार फिर बदलने की ओर हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा हाल ही में तीन राज्यों के लिए प्रदेश अध्यक्ष चयन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने के बाद मध्य प्रदेश भाजपा में भी नेतृत्व को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। पार्टी ने वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को मध्य प्रदेश का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उनके भोपाल दौरे की संभावना अगले सप्ताह जताई जा रही है, हालांकि अभी तक कोई औपचारिक कार्यक्रम घोषित नहीं हुआ है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन में हो रही देरी के चलते कई राज्यों में भी अध्यक्ष पद पर निर्णय अटका हुआ था। अब जब शीर्ष स्तर पर सहमति बन चुकी है, तो मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों में भी जल्द ही नए अध्यक्षों की घोषणा होने की उम्मीद की जा रही है। ब्राह्मण वर्ग से यदि भाजपा नेतृत्व फिर से दांव लगाता है तो प्रमुख नामों में डॉ. नरोत्तम मिश्रा, गोपाल भार्गव, राजेंद्र शुक्ल, आलोक शर्मा, रामेश्वर शर्मा, अर्चना चिटनीस और आशीष दुबे (जबलपुर सांसद) जैसे दावेदार चर्चा में हैं। ठाकुर वर्ग से पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया, विधायक बृजेंद्र सिंह, कांत देव सिंह और सांसद गणेश सिंह का नाम सामने आ रहा है। वैश्य वर्ग से हेमंत खंडेलवाल (बैतूल विधायक) सबसे प्रमुख नाम हैं, वहीं सुधीर गुप्ता (मंदसौर सांसद) भी दौड़ में हैं।

## बारिश और बाढ़ से देश में कई जगह तबाही

**नई दिल्ली/शिमला/रुद्रप्रयाग।** हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई इलाकों में मानसून की पहली झमाझम बारिश और बादल फटने से तबाही मचा दी है। धर्मशाला और कुल्लू जिलों में बादल फटने से मची तबाही के बाद से लापता पांच और उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में सड़क हादसे के बाद उफनती अलकनंदा नदी में बहे आठ पर्यटकों की तलाश जारी है।

धर्मशाला जिले के मनूणी खड्ड और रुद्रप्रयाग जिले के रतूड़ा से और एक-एक शव बरामद किए गए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), पुलिस, फायर ब्रिगेड और जल



पुलिस समेत विभिन्न एजेंसियों के बचाव कर्मी लापता पर्यटकों की तलाश में जुटे हैं। दिल्ली में आज भी मानसूनी बारिश की आस है और यूपी में कल से मानसूनी बारिश जोर पकड़ सकती है।

हिमाचल प्रदेश में बुधवार को धर्मशाला और कुल्लू जिलों में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के बाद एक बिजली उत्पादन इकाई पर काम करने वाले नौ श्रमिक और सैंज में एक ही परिवार के तीन लोग पानी में बह गए थे। मनूणी खड्ड से एक श्रमिक को बचा लिया गया था, छह श्रमिकों के अब तक शव मिले हैं, जबकि दो लापता हैं। सैंज में लापता लोगों का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। तलाश जारी है।

इस बीच, राज्य सरकार ने धर्मशाला हादसे के कारणों की जांच का जिम्मा एसडीएम को सौंपा गया है। उपायुक्त कांगड़ा ने जांच के निर्देश जारी किए हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का बाढ़ प्रभावित सैंज क्षेत्र का दौरा करने वाले थे, लेकिन खराब मौसम के कारण उनका दौरा रद्द हो गया। प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में शनिवार को भी बारिश का यलो अलर्ट जारी हुआ है। हिमाचल में जारी बारिश और बीते दिनों बादल फटने की घटनाओं के चलते 53 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। कुल्लू में 23, मंडी में 16, लाहौल-स्पीति में सात और सिरमौर में तीन सड़कें बंद हैं। इसके अलावा प्रदेश में 135 बिजली के ट्रांसफार्मर और 147 पेयजल योजनाएं भी बंद हो गई हैं। जिला कुल्लू में 74, मंडी में 59 और चंबा-लाहौल-स्पीति में एक-एक बिजली ट्रांसफार्मर ठप रहा। कुल्लू में 118, चंबा में छह, लाहौल-स्पीति में 21 और रामपुर में दो पेयजल योजनाएं भी प्रभावित चल रही हैं। रुद्रप्रयाग में ऋषिकेश-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग पर घोलतीर के समीप एक वाहन के उफनती अलकनंदा नदी में गिरने के बाद से लापता आठ लोगों की तलाश जारी है। नदी के बढ़ते जल स्तर और मटमैले पानी के कारण बचाव कार्य में मुश्किलें आ रही हैं।

# पशुबाड़ा के आड़ में पंचायतों में व्यापक फर्जीवाड़ा

## जिला पंचायत के पास नही है आंकड़े, सांसद एवं विधायको ने मवेशियों के विचरण पर जताई चिंता

**सिंगरौली।** जिले के ग्राम पंचायतों में पशुबाड़ा के आड़ में व्यापक पैमाने पर फर्जीवाड़ा किये जाने का सनसनी खेज मामला सामने आ रहा है। जिले के कितने ग्राम पंचातयों में पशुबाड़ा बने जिला अधिकारी जिम्मेदार अधिकारी बेखबर है। जिसपर सांसद एवं विधायकों ने हैरानी भी जताई है।



दरअसल बीते दिन कल शुक्रवार को कलेक्ट्रोरेट सभागार में पीएम खनन क्षेत्र कल्याण योजना की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में पंचायत राज्य मंत्री, सांसद, सिंगरौली, देवसर, सिहावल व धौहनी के विधायक, मेयर, जिला पंचायत अध्यक्ष, ननि अध्यक्ष, कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के साथ-साथ विभागा प्रमुख मौजूद थे। सूत्र बताते हैं कि उक्त बैठक में सांसद व विधायक गणों ने शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में मवेशियों के विचरण एवं फसल नुकसानी को लेकर चिंता जाहिर करते हुये जिला पंचायत के सीईओ से जानकारी मांगी गई थी। जिले के कितने ग्राम पंचायतों में पशुबाड़ा का निर्माण हुआ है। माननीयों के द्वारा मांगी गई उक्त जानकारी से जिला पंचायत सीईओ असमर्थता जाहिर करते हुये कहा कि ग्राम पंचायतों के द्वारा कार्य कराया गया है। आंकड़े जिला पंचायत में नही है। इस जवाब को सून माननीयगण आश्चर्यचकित में पड़ गये और हैरानी जताते हुये कहा कि आखिरकार ग्राम पंचायत किसके अधिन है। मवेशियों के देखभाल कौन करेगा। हालांकि माननीयों ने सलाह दिया कि खरीफ फसल खेतीबाड़ी का सीजन आ गया है। अभी से तैयारियां शुरू कर दे, ताकि विचरण करने वाले मवेशियों की देखभाल की जा सके। अन्यथा अन्नदाताओं का पूरे परिश्रम बेकार हो जाएंगे। यहां बताते चले कि मानसून के सक्रिय होते ही अन्नदाता खरीफ फसलों के बुआई की तैयारियां शुरू कर दी हैं। किंतु अब अन्नदाताओं को सबसे बड़ी चिंता मवेशियों को लेकर है। अधिकांश ग्राम पंचायते मवेशियों की देखभाल करने में नकारा साबित हुई है। जिले के कई ग्राम पंचायतों में पशुबाड़ा के नाम पर राशि की बंदरबांट भी की गई है। इस तरह के आरोप कई ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिवों पर लग चुके हैं। किंतु जिला पंचायत के अधिकारी इसकी जांच कर फजीवाड़ा रोकने के लिए कोई कारगर कदम नही उठाया, बल्कि उन्हीं के सुर में सुर मिलाते रहें। फिलहाल ग्राम पंचायतों में पशुबाड़ा के आड़ में व्यापक फजीवाड़ा पिछले वित्तीय वर्ष में हुआ है। लेकिन जिला पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी के पास पशुबाड़ा के आंकड़े न होने पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### तार से फिनिसिंग कराने के थे निर्देश

जानकारी के अनुसार अवारा पशुओं को देखभाल करने के लिए वरिष्ठ कार्यालय से ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायको को निर्देश था कि आवारा पशुओं के हिसाब से ग्राम पंचायते तार के फिनिसिंग के साथ पशुबाड़ा का निर्माण कराएं और उनकी सुबह-शाम देखभाल पंचायत ही कराए। यहां बताते चले कि जिले में ऐसा कोई गांव नही होगा, जहां आवारा पशु झुंड के साथ खेतों में पहुंच फसलों को नुकसान न पहुंचाते हों। हालांकि अभी खरीफ फसल की तैयारियां शुरू है। करीब 10 दिन बाद से फसलों के नुकसान होने का डर अन्नदाताओं को जरूर सताएगा। कहीं न कहीं शासन व प्रशासन किसानों के समस्याओं के प्रति गंभीर नही है। यदि प्रशासन गंभीर होता तो जिले में कि तने पशुबाड़ा बनाए गये हैं, आंकड़े जरूर होती।

### पंचायतों में पशुबाड़ा के नाम पर राशि की बंदरबांट

जिले की कई ऐसे तथा कथित ग्राम पंचायतें हैं, जहां पशुबाड़ा के नाम पर राशि की बंदरबांट करने में सरपंच, सचिव व जीआरएस ने कोई कोर कसर नही छोड़ा है। पशुओं के देखभाल के आड़ में भी आर्थिक अनियमितता कि ये जाने की सुगबुगाहट मिल रही है। हालांकि जनपद से लेकर जिला पंचायत केवल अपनी पीठ थपथपा रही और उनका पूरा ध्यान जल संवर्धन पर है। हालांकि इसमें भी आज नही तो कल अनियमितता की बू जरूर आएगी। जिले में चैकडैम एवं स्टाफ डैम जीता जागता उदाहरण हैं। जहां कई पंचायतों में चैक डैम पिछले साल ध्वस्त हो गए और उन पंचायतों पर जिला पंचायत के अधिकारियों की मेहरवानी पर शिकायतकर्ता तरह-तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं।

# कोतवाली प्रभारी अपने महिला प्रधान आरक्षक को नही दिला पा रहे न्याय

## कोतवाली बैढ़न के दो हेड कॉन्सटेबल का विवाद बना चर्चा का विषय

**सिंगरौली।** कोतवाली बैढ़न में एचसीएम एवं एक महिला प्रधान आरक्षक का विवाद इन दिनों चर्चाओं का विषय बना हुआ है। कहा जा रहा है कि जब कोतवाल अपने स्टाफ को ही नही संभाल पा रहे हैं तो क्षेत्र के अपराधो पर नियंत्रण कैसे लगाते होंगे, इस पर सवाल शुरू होंगे।

दरअसल कोतवाली में इन दिनों ठीक-ठाक नही चल रहा है। पिछले माह सिंगरौली महोत्सव के दौरान चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में व्हीआईपी प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था मुं हुई चूक को लेकर कोतवाल से लेकर अन्य जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों की जमकर किरकिरी हुई और सांसद अभी भी सुरक्षा व्यवस्था में हुई चूक से नाराज चल रहे हैं। यह मामला अभी ठण्डा पड़ा नही है कि कोतवाली में एचसीएम एवं एक महिला प्रधान आरक्षक के बीच हुई कहासूनी का मामला इन दिनों तूल पकड़ा हुआ है। यहां तक कहा जाने लगा है कि कोतवाली अपने स्टाफ को ही नही संभाल पा रहे हैं। अपराधों पर नियंत्रण कैसे रखते होंगे, यह कह पाना मुश्किल है। फिलहाल कोतवाली बैढ़न के दो पुलिस



सेवको के बीच चल रहे तनातनी को लेकर जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। जबकि पुलिस विभाग ही एक अनुशासन विभाग माना जाता है। लेकिन कोतवाली के दो पुलिस सेवको का विवाद सुर्खियों में है। फिलहाल अब देखना है कि पुलिस अधिकारी स्टॉफ के विवाद को किस तरह से सुलझाने में कामयाब होंगे।

बताया जाता है कि उक्त घटना से आहत महिला प्रधान आरक्षक श्रीमती पटेल जब अपने कक्ष से बाहर निकल कर देखी कि दिलीप बिन्द को कुर्सी में बैठा कर मेहमान जैसा व्यवहार किया जा रहा था, तब वह एचसीएम अवध सोनी को फ़ोन लगाकर बोली कि कार्रवाई के बदले पहुना जैसे स्वागत किया जा रहा है। तभी वह मुझे माँ बहन की अश्लील गाली देते हुए दुर्व्यवहार किया द्य यहां तक कि एचसीएम अवध सोनी ने गमला उठाकर सिर पर मारने वाला था द्य जहा पर मौके पर मौजूद उप निरिक्षण पप्पू सिंह, सजीत सिंह, प्रियंका मिश्रा, रूपा अग्निहोत्री और बन्दना तिवारी ने बीच बचाव किया।

### बेहोश हो गई थी महिला प्रधान आरक्षक

बताया जाता है कि एक महिला प्रधान आरक्षक अपने साथ हुए व्यक्ति द्वारा अभद्रता से आहत थीं, वही स्टॉफ द्वारा भी गाली गलौज से आहत होकर जमीन पर गिर पड़ीद्य तब वहां मौजूद महिला पुलिस कर्मियों ने पानी छिड़का, पानी पिलाया तब जाकर होश आया। महिला प्रधान आरक्षक का कहना है कि टीआई साहब को बताने के बाद भी दिलीप बिन्द का कोई दोष नहीं निकाला गयाद्य और नहीं कोतवाली पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई द्य बताया जाता है कि उक्त वाकये की वास्तविकता कोतवाली थाना के सीसीटीव्ही फुटेज से भी देखी जा सकती है द्य हालांकि इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक से भी उनका पक्ष जानने संपर्क किया गया, लेकिन चर्चा नहीं हो पायी।

# एनटीपीसी-विंध्याचल में सम्पन्न हुई 86वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के प्रशासनिक भवन सीवी रमन सभागार में बीते 27 जून को मानव संसाधन राजभाषा अनुभाग द्वारा 86 वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस समिति का मुख्य कार्य परियोजना के अंतर्गत विभागों अनुभागों मे राजभाषा अधिनियमनियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करना एवं अप्रैल से जून 2025 की तिमाही की इस दिशा में हो रही प्रगति की समीक्षा कर आगे की कार्रवाई के लिए मार्गदर्शन करना है।राजभाषा कार्यान्वयन समिति की यह बैठक महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीव कुमार साहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीव कुमार साहा ने राजभाषा अनुभाग द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की एवं हिंदी मे उत्कृष्ट कार्य कर रहें कर्मचारियों को प्रोत्साहन के लिए उन्हें प्रोत्साहित कर ज्यादा से ज्यादा कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया । बैठक के आरंभ मे सर्वप्रथम महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीव कुमार साहा, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री) डीके अग्रवाल, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं ईंधन प्रबंधन) सतेन्द्र कुमार सिंह, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) दीपू ए, महाप्रबन्धक(तकनीकी सेवाएँ) देवव्रत त्रिपाठी, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती मृणालनी, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती कामना शर्मा, शिक्षक (डीपीएस स्कूल, विंध्यनगर) राहुल द्विवेदी, अन्य अपर महाप्रबंधकगण एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के नोडल अधिकारियों का अभिनंदन किया गया । तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा हिंदी मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। साथ ही हिंदी पत्रिका मे प्रकाशन हेतु अपनी-अपनी रचनाएँ एवं प्रविष्टियाँ देने कर्मचारी एवं उनके परिजनों को भी सम्मानित किया गया।

# शासकीय आईटीआई पचौर बैढ़न में एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न



**सिंगरौली।** प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पचौर बैढ़न ने बताया कि शासकीय आईटीआई में एल एण्डी टी कन्सट्रक्सन, सीएसटीआई कांचीपुरम चेन्नई के द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें 56 अभ्यर्थियों ने पंजीयन किया एवं कंपनी द्वारा 36 अभ्यर्थियों का चयन किया गया । चयनित अभ्यर्थियों को 16500का सीटीसी रूपये प्रतिमाह सैलरी एवं अन्य सुविधाएं कंपनी द्वारा दिया जाएगा।

# अधिकारी सौपे गए दायित्वो को कार्यक्रम के पूर्व पूर्ण कर नोडल अधिकारी के माध्यम से पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे : कलेक्टर

## मुख्यमंत्री के जिलें में प्रस्तावित भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ की तैयारियो की समीक्षा

**सिंगरौली।** जिले में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण को मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के तैयारियो की संबंधित अधिकारियो से साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए संबंधित अधिकारी कार्यक्रम से पहले सौपे गये दायित्वो को पूर्ण कर नोडल अधिकारी के माध्यम से पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। कलेक्टर ने कहा कि कार्यक्रम स्थल सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई में की जा रहा व्यवस्थाओ को समय पर पूर्ण करे। उन्होने हेलीपैड के लिए की गई व्यवस्थाओ के साथ ही वाहनों के लिए चिन्हित पार्किंग स्थलों की जानकारी लेने के पश्चात



सेक्टरवार पार्किग व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सभा स्थल पर उचित उपचार व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

विदित हो कि जुलाई के प्रथम सप्ताह में जिले के देवसर अनुभाग अंतर्गत तहसील सरई में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के द्वारा जिले के विभिन्न विकास कार्यो का लोकापर्ण भूमिपूजन कराया जाना है उनकी सूची तैयार कर विकास कार्यो की शिलापट्टीका तैयार कराये। साथ ही कलेक्टर ने कार्यक्रम के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर सभा स्थल पर क्रेन, अग्निशमक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था सहित शौचालय आदि के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभा स्थल की साफ सफाई व्यवस्था कराने के साथ ही सेफ हाउस एवं ग्रीन रूम स्थापित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर सभा स्थल पर सेक्टर वार बैठक व्यवस्था कराने के साथ ही भीड़ प्रबंधन हेतु बैरिकेटिंग की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर सौरभ मिश्रा, तहसीलदार सविता यादव, जिला पंचायत के अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एन.के जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में किया जा रहा है पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार

## नौगढ़ में स्थिति बावड़ी की साफ सफाई से बावड़ी दिखने लगी स्वच्छ एवं सुन्दर

**सिंगरौली।** जल गंगा संवर्धन अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अगुवाई मे 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जहा नवीन जल संरचनाओ का निर्माण कर जल संचयन के प्रयास किए जा रहे वही पुरानी जल संरचानाओ का जीर्णोद्धार कर उन्हे नया रूप प्रदान किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान नगर निगम के वार्ड क्रमांक 44 नौगड़ में स्थित बावड़ी का जन अभियान परिषद के द्वारा सामूहिक भागीदारी से साफ सफाई कर नया रूप प्रदान किया गया। अब बावड़ी के चारो ओर का नजारा देखते ही बनाता खासकर शायं के समय जब सूर्यअस्त होता है उस समय बावड़ी की सुन्दरतरा में चार चॉद लग जाता है। वार्ड के नागरिको के द्वारा बावड़ी किनारो पर सुबह की सैर करते। खुद ही उसे गंदा होने बाचते है साथ समय समय पर सामूहिक भागीदारी बावड़ी की साफ साफाई भी करते है।वार्ड के नागरिको ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा चलाया जा रहा जल गंगा संवर्धन अभियान लोगो को जल संरक्षण के महत्व को बताने का सबसे बेहतर उपाय है। उन्होने बताया कि पहले बावड़ी के आस पास कूडे कचरे ढेर लगा रहता था। पानी में गंदगी बनी रहती थी। लेकिन अब हम सबने संकल्प लिया है कि अपने क्षेत्र के बावड़ी, तालाबो की जनभागीदारी के माध्यम से साफ सफाई कराकर उन्हे स्वच्छ एवं सुन्दर रखेगे। मुख्यमंत्री के संकल्प को साकार करने में हम लोग भी अपने ओर से प्रयास करेगे।


# जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय समापन समारोह 30 जून को

**सिंगरौली।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश ने कहा कि 30 मार्च से पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान卐 का क्रियान्वयन प्रारम्भ किया गया था। यह अभियान शासन और समाज के समन्वय से जल संरक्षण, जल स्रोतों के पुनर्जीवन और जन-जागरूकता को समर्पित रहा है। इस अभियान की कार्य अवधि 30 जून को पूर्ण हो रही है।

उन्होने बताया कि शासन द्वारा प्रत्येक जिले में जन प्रतिनिधियों प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, पंचायत प्रतिनिधियों, नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में समुदाय के साथ 24 जून से 30 जून 2025 तक की अवधि में अभियान का समापन किया जाना है। इसका उदेश्य अभियान की उपलब्धियां और किए गए कार्यों के लाभों परिणामों को जन जन तक पहुंचाना, फीड बेक के आधार पर नीतिगत बदलाव करना और जन प्रतिनिधियों, जल दूतों तथा स्थानीय नागरिकों को भविष्य की योजनाओं में सहभागी बनाना है।

# बारिश शुरू होते ही हरी सब्जियों के दाम छूने लगे आसमान

**सिंगरौली।** बारिश शुरू होते ही पिछले तीन दिनों के अंदर सब्जियों के कीमतों में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। आलम यह है कि टमाटर एक बार फिर से लाल हुआ है और उसकी कीमत 60 के पार पहुंच गया है, जबकि हरी सब्जियों में करैला, बरबट्टी, गोभी की कीमत शतक के पार पहुंच गई है।



दरअसल मानसून के सक्रिय होते ही पिछले तीन-चार दिनों के अंदर हरी सब्जियों के कीमतों में दो गुना वृद्धि हुई है। आलम यह है कि अचानक आलू के दाम में 5 रूपये प्रति किलो बढ़ोत्तरी हो गई है। बताया जाता है कि बैढ़न शहर में इन दिनों आलू 35, टमाटर 60, प्याज, 25, लौकी 35, कद्दू 35, खीरा 45, परवर 45, गाजर 85, मूली 50, कुंदरू 50, सिमला मिर्चा 160, करैला 120, गोभी 100 से 140, भिंडी 40, बैगन 80, नेनुआ 60, अरूई 50, अदरक 100 से 140, मिर्चा 60 से 100, धनिया पत्ती 200, चकुन्दर 30, नीबू 80, बरबट्टी 70 से 100 रूपये प्रति किलो बिक रही है। हालांकि बैढ़न के अलग-अलग दुकानों में सब्जियों के भाव अलग-अलग हैं। कहीं 5 रूपये तो कहीं 10 रूपये का अंतर है। लेकिन हरी सब्जियों के दाम में अचानक हुई वृद्धि से मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवार, मजदूर-किसानों के लिए कुछ दिनों के लिए हरी सब्जी कहीं सपना ना बन कर रह जाये। सब्जी विक्रेता बताते हैं कि अब ज्यादा तर सब्जियां से आ रही हैं और बारिश के सीजन में हमेशा इसी तरह दाम बढ़ते हैं। करीब अगस्त महीने तक सब्जियों के दाम घटने वाले नही हैं। बल्कि अभी सब्जियों के दाम में और उछाल आएगा। फिलहाल हरी सब्जियों के दाम में अचानक हुई वृद्धि से गरीबों की थाली हरी सब्जी से कहीं खाली करने के आसार नजर आने लगे हैं। उन्हें आलू-प्याज के सहारे ही काम चलाना पड़ सकता है।

# जेबीटी कंपनी के कोल वाहन चालक नशें में रहते हैं धुत

## पुलिस आरटीओ और श्रम विभाग कसें शिकंजा, वरना हालात हो जाएंगे नियंत्रण से बाहर

**सिंगरौली।** जिले में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। पिछले दिनों जेबीटी कंपनी के कोल वाहन चालक नशें में धुत होकर वाहन चलाते हुए एक दूध वाले को कुचलने के बाद मौके से फरार हो गया। हादसे वाहन चालकों की लापरवाही सहित शराब के नशे में वाहन चलाना प्रमुख वजह सामने आ रही है। यातायात सहित मोटर वाहन के नियमों का पालन करने वाली पुलिस और आरटीओ को कड़ी कार्यवाही करनी होगी। जबकि श्रम विभाग को कोल ट्रांसपोर्टरों पर शिकंजा कसना होगा वरना



हालात नियंत्रण से बाहर हो जाएंगे। ट्रांसपोर्टर, यातायात पुलिस, आरटीओ और श्रम विभाग के जिम्मेदार दबी जुबा यह मानते हैं कि कोई भी ट्रेलर चालक बिना नशा किए हुए स्टेरिंग पर नहीं बैठता। नाम मात्र के वाहन चालक ऐसे हैं जो वाहन चलाते समय नशा ना करते हो। हालांकि ऐसे वाहन चालक वहां वाहन खड़ा करने के बाद खुद को नशे में डूबा देते हैं। जबकि मोटर वाहन अधिनियम,के अनुसार नशे में वाहन चलाना अपराध है। कोई वाहन चालक नशे में धुत पहली बार पकड़े जाने पर छह महीने तक की कैद और दो हजार रुपये तक के जुर्माने से दंडनीय है। यदि कोई दूसरी बार नशे में वाहन चलाते पकड़ा जाएं तो उसे दो साल तक की कैद और/ तीन हजार रुपये के जुर्माने से दंडनीय है। साथ में हमेशा के लिए ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने का भी प्रावधान है। वही सूत्र बताते हैं कि जेबीटी कंपनी की पास करीब 150 कोल वाहन हैं और ड्राइवर से 12 से 15 घंटे तक काम कराया जा रहा है। ड्राइवर अधिक थकान होने के बाद शराब का नशा करने को मजबूर हो जाते हैं। हालांकि शराब के नशे में गाड़ी चलाना और चलवाना, कानून और जिंदिगी दोनों से खिलवाड़ है। यहां चलवाने वालों पर भी न केवल जिम्मेदारी तय हो बल्कि उनके खिलाफ अपराधिक प्रकरण भी दर्ज होना चाहिए। कोल ट्रांसपोर्ट में ट्रांसपोर्टर श्रम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। कोल वाहन चलाने वाले ड्राइवरों को सैलरी कम दी जाती है। और उन्हें ज्यादा ट्रिप लगाने पर बोनस या फिर ओवर ड्यूटी के नाम पर कुछ एक्स्ट्रा लालच दिया जाता है। लिहाजा अधिक पैसों के लालच में ड्राइवर 10 घंटे काम करने के बाद भी एक्स्ट्रा समय तक काम करते हैं। वही ज्यादा थकान होने के चलते कभी कर वह वाहनों से नियंत्रण खो देते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। यदि एक निर्धारित 8 घंटे तक ही काम लिया जाए तो हादसों में कमी देखने को मिलेगी। जेबीटी कोल ट्रान्सपोर्टर कंपनी श्रम कानून पर भारी नजर आ रहा।

## संपादकीय

### चौंकाने वाली जीत

अमेरिका के सबसे बड़े शहर न्यूयॉर्क में जोहरान ममदानी की सफलता केवल चुनावी जीत नहीं, बड़े राजनीतिक और सामाजिक बदलाव की शुरुआत है। उन्होंने मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में पूर्व गवर्नर को पराजित किया। ममदानी अब इतिहास रचने की दहलीज पर खड़े हैं। भारतीय जड़ों वाले 33 साल के इस युवा नेता ने उन लोगों की आवाज उठाई, जो न्यू यॉर्क की चकाचौंध में हाशिये पर समझे जाते हैं। उन्होंने टीवी स्टूडियो, ऑनलाइन इंटरव्यू और महंगे विज्ञापनों से ज्यादा तवज्जो जनता से सीधे संवाद को दी। वह सड़कों पर उतरे, गलियों में गए और आम लोगों से बातचीत कर उनकी नब्ज जानी। न्यू यॉर्क का वर्किंग क्लास इस शहर में बढ़ते खर्च से परेशान है, ममदानी ने इसके समाधान का वादा किया है। उनके वादों पर गौर करें, तो फ्री पब्लिक ट्रांसपोर्ट, किराये पर लगाम, न्यूनतम वेतन जैसे मुद्दे एक नजर में न्यू यॉर्क जैसे शहर के अजेंडे से बाहर की चीज लगते हैं, लेकिन ममदानी की जीत से जाहिर होता है कि मध्यम वर्ग की समस्या हर जगह एक जैसी है। इस वर्ग को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है, जो उनकी परेशानियों को समझ कर उनका हल पेश कर सके। ममदानी ने बिल्कुल यही किया। ममदानी को प्रोग्रेसिव माना जाता है। वह उदार हैं, युवा हैं और अपनी बात स्पष्ट तरीके से रखते हैं - खासकर इस्राइल-हमास जंग के मसले पर उन्होंने बिन्यामिन नेतन्याहू को आड़े हाथों लिया। इसे भी एक अहम फैक्टर माना जा रहा है। अमेरिकी जनता जंग से त्रस्त आ चुकी है। यूक्रेन हो या गाजा - लड़ाई के खर्च का एक बड़ा हिस्सा उसकी जेब से जा रहा है। फिर गाजा में पैदा हुई मानवीय त्रासदी ने भी इस्राइली पीएम नेतन्याहू के खिलाफ गुस्सा पैदा किया है। ऐसे में ममदानी का साफ स्टैंड लेना लोगों को भा गया। ममदानी ऐसे वक्त उभरे हैं, जब ट्रंप प्रशासन प्रवासियों को लेकर बेहद सख्त है। वह इस बात के प्रतीक हैं कि अमेरिका में अब भी सपनों के लिए जगह है। हालांकि उनके सामने चुनौतियां कई हैं। उनकी उम्मीदवारी तय होने के बाद राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने उन पर निशाना साधा। वह खुद भी ट्रंप की नीतियों के आलोचक रहे हैं। उनके कुछ बयानों-प्रदर्शनों से भारतीय कम्युनिटी भी नाराज है। अभी तक की उनकी सियासत किसी आंदोलनकारी जैसी रही है, लेकिन अब उनसे ज्यादा परिपक्वता की अपेक्षा होगी।

**अंतरिक्ष में भारत की सुप्रीमेसी यह भरोसा दे रही है, कि एक दिन भारतीय धरती से भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन तक उड़ान भरने में हम सफल होंगे। 41 साल पहले भारत के राकेश शर्मा ने रूस के साथ मिलकर अंतरिक्ष यात्रा की थी, लेकिन इसके बाद भारत का मानव युक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम तो नहीं शुरू हुआ, लेकिन देश की महत्वाकांक्षा और राजनीतिक इच्छा शक्ति का दबाव अब गगनयान मिशन को सफल बनाएगा। सुभांशु शुक्ला जो प्रयोग अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र में करेंगे, उनके अनुभव और सीख का पूरा लाभ भारतीय वैज्ञानिक उठाएंगे. भारत के लिए यह गौरवपूर्ण क्षण है। शुभांशु शुक्ला केवल एक यात्री के रूप में नहीं गए हैं, बल्कि वह इस मिशन के पायलट के रूप में गए हैं. ग्रुप कैप्टन सुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे और आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया है।**

# गगनयान मिशन के लिए यह निर्णायक उड़ान

(सरयूसुत मिश्रा)

नामकरण के समय किसने सोचा होगा, कि लखनऊ के सुभांशु शुक्ला अपने नाम के अर्थ को सही साबित कर देंगे. सुभांशु का मतलब बारिश की पहली बूंद या ब्राइट चांद होता है..!!

यह संस्कृत मूल का एक सुंदर नाम है, जिसमें शुभ और अंशु (सूर्य की किरणों) का संयोजन है. यह नाम चमक और सौभाग्य का संदेश देता है. इससे शुभता और प्रकाश की प्रेरणा मिलती है. शुक्ला की यह उड़ान, अंतरिक्ष में भारत के गगनयान मिशन को परिभाषित करेगा. यह उड़ान इस दिशा में निर्णायक साबित होगी. उनके प्रयोग और अनुभवों का उपयोग कर भारत का मानव युक्त गगनयान मिशन अपनी तय समय सीमा में लॉन्च हो सकता है।

अंतरिक्ष में भारत की सुप्रीमेसी यह भरोसा दे रही है, कि एक दिन भारतीय धरती से भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन तक उड़ान भरने में हम सफल होंगे। 41 साल पहले भारत के राकेश शर्मा ने रूस के साथ मिलकर अंतरिक्ष यात्रा की थी, लेकिन इसके बाद भारत का मानव युक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम तो नहीं शुरू हुआ, लेकिन देश की महत्वाकांक्षा और राजनीतिक इच्छा शक्ति का दबाव अब गगनयान मिशन को सफल बनाएगा।

सुभांशु शुक्ला जो प्रयोग अंतरराष्टीय अंतरिक्ष केंद्र में करेंगे, उनके अनुभव और सीख का पूरा लाभ भारतीय वैज्ञानिक उठाएंगे. भारत के लिए यह गौरवपूर्ण क्षण है। शुभांशु शुक्ला केवल एक यात्री के रूप में नहीं गए हैं, बल्कि वह इस मिशन के पायलट के रूप में गए हैं. ग्रुप कैप्टन सुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे और आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया है।

वह अंतराष्टीय अंतरिक्ष केंद्र पर सकुशल पहुंच गए हैं. 14 दिन तक वहां रहेंगे. उन्होंने अपने पहले संदेश में कहा है, कि वह अपने साथ भारत का राष्टीय ध्वज लेकर आए हैं, जो उन्हें हर भारतीय के साथ जोड़कर रखता है. पिछले 41 सालों में दुनिया बदल गई है और साथ ही भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षा भी बढ़ गई है. इस बार की उड़ान एक अलग लहर पर सवार है, जो वाणिज्यिक अंतरिक्ष क्रांति और एक स्वदेशी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के निर्माण से प्रेरित है. शुक्ला ने एक निजी अमेरिकी अंतरिक्ष यान पर उड़ान भरी है, लेकिन यह भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान के युग की शुरुआत का प्रतीक हो सकती है। उनके साथ एक अमेरिकी, एक पोलिस और एक हंगेरियन यात्री शामिल हैं. शुक्ला की उड़ान भारत की क्षमता का प्रदर्शन है. पहले मानव युक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए ना तो बुनियादी ढांचा था और ना ही राजनीतिक इच्छा शक्ति. राकेश शर्मा के समय उनकी उड़ान एक अकेली चिंगारी थी. लेकिन आज जब देश में एक मजबूत अंतरिक्ष नीति लागू है, तब यह उपलब्धि क्रांतिकारी साबित हो सकती है।



मानव युक्त भारतीय गगनयान मिशन की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है. इस परियोजना में स्वदेशी क्रू मॉडल इसके सिस्टम और विश्वसनीय रॉकेट शामिल बताए जाते हैं. इस बीच शुक्ला की यह उड़ान इसरो के लिए डेटा एकत्र करने का अवसर है. यह सब गगनयान के अंतिम चरणों में सीधे काम आएंगे।

गगनयान से पहले एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को भेजकर भारत ने खुद को एक अंतरिक्ष यात्री राष्ट के रूप में स्थापित कर दिया. है भारत अंतरिक्ष में महाशक्तियों की प्रतिद्वंदता के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है. पृथ्वी की निचली कक्षा में सैन्यीकरण और व्यावसायिक रूप से भीड़-भाड़ बढ़ती जा रही है।

चीन का अंतरिक्ष स्टेशन चालू हो चुका है. रूस और नासा आईएसएस पर असहज साझेदार बने हुए हैं. अमेरिका ऑटो मिस कार्यक्रम को गति दे रहा है जिसमें चंद्रमा रणनीतिक उच्च भूमि है. भारत चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर चंद्रयानभेज कर महाशक्तियों को बड़ा संदेश दे चुका है. अमेरिका द्वारा भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अपने साथ जोड़ना विश्वास का संकेत है. इसे अंतरिक्ष में चीन के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ़ बचाव के रूप में भी देखा जा सकता है।

अब दुनिया यह मान चुकी है कि भारत 21वीं सदी की महान अंतरिक्ष दौड़ में केवल दर्शक नहीं बल्कि एक गंभीर खिलाड़ी बनने के लिए तैयार है. सुभांशु शुक्ला की उड़ान देश के युवाओं को प्रेरित करेगी. उनके मिशन को स्मार्टफोन पर लाइव ट्रैक किया जा सकेगा. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सब कुछ उपलब्ध रहेगी. यह मिशन भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और सपने देखने वालों की एक नई पीढ़ी के लिए उत्प्रेरक बन सकता है।

अंतरिक्ष के क्षेत्र मेंभारत की बढ़ती तेज गति और महत्वाकांक्षा देश को नए दौर में ले जाएगी. राजनीतिक इच्छा शक्ति के कारण इन अभियानों पर लगने वाले जनधन का भी प्रबंध होता है। शुक्ला के मिशन पर ही भारत ने 550 करोड़ खर्च किए हैं. विज्ञान और तकनीकी में देश की प्रगति के लिए धन महत्वपूर्ण है. डिफेंस के क्षेत्र में भी भारत जिस तेजी के साथ आधुनिक हथियार विकसित कर रहा है, उससे पूरी दुनिया के चौकन्नी हो गई है. ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हथियारों से जिस तरह भारतीय सेना ने पाकिस्तान को धूल चटाई है, उसके कारण भारत के डिफेंस इक्विपमेंट की दुनिया में मांग बढ़ गई है। ड्रोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी भारत सुपरपावर देशों की बराबरी पर पहुंच रहा है. ऑपरेशन सिंदूर की सक्सेस के बाद देश में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग को नई गति मिलेगी। दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश भारत टेक्नोलॉजी और मैनपॉवर में भी मजबूती से खड़ा हुआ है. दुनिया के किसी भी देश में आधुनिक विकास के प्रयासों में भारतीय ब्रेन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

भारत में अंतरिक्ष, टेक्नोलॉजी, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और आईटी सेक्टर में जो न्यू नॉर्मल विकसित किया है, उसकी निरंतरता पर सरकार की सक्रियता से भारत सुपरपावर देशों की बराबरी में खड़ा होने में सक्षम हो जाएगा. दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन ही चुका है।

अंतरिक्ष में भारत की शुभता का सुभांशु प्रकाश देश के गगनयान उड़ान को पंख देगा. देश के लिए गौरव के क्षण में भी राजनीति से हमारी कमजोरी दिखती है। यह उड़ान भारत की उड़ान है. वर्तमान को इसका श्रेय मिलेगा. मोदी विरोध में हर उपलब्धि को नकारने की प्रवृत्ति राजनीति से खत्म होगी, तो लोकतंत्र का न्यू नॉर्मल बनेगा।

# बिहार में जीत के लिए कांग्रेस फिर से काठ की हांडी के भरोसे

(योगेंद्र योगी)

राहुल गांधी ने लिखा कि भाजपा और उसके सहयोगियों ने महाराष्ट में चुनाव जीतने के लिए 5 स्टेप की प्लानिंग की थी। कांग्रेस नेता ने यह कहा कि महाराष्ट की तरह की मैच फिक्सिंग अगली बार बिहार में होगी, फिर किसी भी राज्य में जहां भाजपा हारती दिख रही हो।

लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव और कई राज्यों में विधानसभा चुनाव हारने से भी कांग्रेस ने कोई सबक नहीं सीखा है। देश में भ्रष्टाचार और विकास के मुद्दे उठाने के बजाए पुराने गढ़े मुर्दे उखाड़ कर अपना खोया हुआ जनाधार फिर से प्राप्त करने की नाकाम कोशिशों में जुटी हुई है। देश की सबसे पुरानी पार्टी को देश के मतदाताओं की नब्ज पकड़ में नहीं आई है। इतने चुनाव हारने के बाद भी कांग्रेस को यह समझ नहीं आया है कि आखिर देश के मतदाता चाहते क्या हैं। मतदाताओं की जरूरतों को समझने के बजाए कांग्रेस सत्ता प्राप्ति के लिए काठ की हांडी को बार-बार चढ़ाने के प्रयास में मात खा रही है। महारष्ट विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों से यही लगता है कि कांग्रेस के पास मुद्दों की या समझ की कमी हो गई है।

कांग्रेस महाराष्ट विधानसभा चुनाव में फर्जीवाड़े का आरोप लगा रही है। आश्चर्य यह है कि यही कांग्रेस जब कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में चुनाव जीती तब निर्वाचन प्रक्रिया पर ऐसे आरोप नहीं लगाए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट विधानसभा चुनाव को लेकर फिर एक बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने 5 स्टेप में महाराष्ट चुनाव में फिक्सिंग की बात कही है। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों पर जवाब देते हुए उनके सभी दावों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने एक अग्रेजी अखबार में लिखे अपने लेख के जरिए भाजपा पर आरोप लगाया कि महाराष्ट चुनावों में मैच फिक्सिंग की गई और अब कुछ ऐसा ही बिहार में दोहराया जाएगा। राहुल गांधी ने अपने इस लेख को सोशल मीडिया पर शेयर किया।

राहुल गांधी ने लिखा कि भाजपा और उसके सहयोगियों ने महाराष्ट में चुनाव जीतने के लिए 5 स्टेप की प्लानिंग की थी। कांग्रेस नेता ने यह कहा कि महाराष्ट की तरह की मैच फिक्सिंग अगली बार बिहार में होगी, फिर किसी भी राज्य में जहां भाजपा हारती दिख रही हो। राहुल गांधी के इस आरोप पर भाजपा के साथ-साथ जदयू, हम सहित अन्य दलों ने भी कड़ी आपत्ति जताते हुए प्रतिक्रिया दी। भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल गांधी द्वारा 2024 के महाराष्ट विधानसभा चुनाव को लोकतंत्र में धांधली करने का ब्लूप्रिंट करार दिये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता कई चुनाव में हार से दुखी और हताश है और इसलिए विचित्र साजिशें रचने का आरोप लगा रहे हैं।



भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी को यह नहीं पता कि चुनावी प्रक्रिया कैसे काम करती है। उन्हें बहुत अच्छे से पता है। लेकिन उनका मकसद स्पष्टता नहीं, बल्कि अराजकता फैलाना है। जेडीयू नेता के सी त्यागी ने कहा कि चुनाव आयोग का जितना दुरुपयोग कांग्रेस ने अपने जमाने में किया है उतना किसी ने नहीं किया। मुख्य चुनाव आयुक्त एम एस गिल को सांसद बनाया और मंत्री बनाया। कांग्रेस पार्टी की जो नीतियां रही हैं पिछड़ों और वंचितों को लेकर उसके चलते उनके वोटो पर पहले ही चोरी नहीं बल्कि डाका पड़ चुका है। त्यागी ने कहा कि बिहार चुनाव से पहले ही राहुल गांधी हार मान चुके हैं। चुनाव आयोग ने अपने जवाब में राहुल गांधी के दावों को निराधार बताया।

निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों पर लंबा जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव के फैसले पक्ष में नहीं आने के बाद ऐसे आरोप लगाना बेतुके हैं। 24 दिसंबर 2024 को ही कांग्रेस को भेजे अपने जवाब में ये सभी तथ्य सामने रखे थे, जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। ऐसा लगता है कि बार-बार ऐसे मुद्दे उठाते हुए इन सभी तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने यह भी लिखा कि किसी के द्वारा प्रसारित कोई भी गलत सूचना चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों की बदनामी तथा चुनाव कर्मचारियों का मनोबल तोडने वाला होता है, जो इस बड़ी कवायद के लिए अथक परिश्रम करते हैं। आयोग ने कहा कि महाराष्ट की मतदाता सूची को लेकर लगाए गए निराधार आरोप कानून के शासन का अनादर है।

चुनाव आयोग ने यह भी लिखा कि महाराष्ट में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक करीब 6.41 करोड़ मतदाताओं ने वोट दिया। अर्थात हर घंटे औसतन 58 लाख वोट पड़े। इस लिहाज़ से आखिरी दो घंटों में 116 लाख वोट पड़ सकते थे। जबकि आखरि दो घंटों में केवल 65 लाख वोट पड़े जो औसत से काफ़ी कम था। आयोग ने तब कहा था कि महाराष्ट विधानसभा चुनाव, 2024 से पहले कांग्रेस या किसी अन्य राजनीतिक दल की ओर से कोई शिकायत नहीं थी। गौरतलब है कि इससे पहले कांग्रेस ईवीएम मशीनों से वोटिंग के बजाए बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग कर चुकी है। कांग्रेस का आरोप था कि ईवीएम मशीनों में हेराफेरी की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2024 में कई याचिकाओं को खारिज कर दिया था। इन याचिकाओं में चुनाव के दौरान सभी ईवीएम के जरिए डाले गए वोटों का मिलान वोटर-वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल स्लिप से करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिकाओं को खारिज करते हुए सीजेआई खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने बैलेट पेपर सिस्टम पर वापस लौटने की याचिकाकर्ताओं की मांग को कमजोर, प्रतिगामी और अनुचित बताया था। बेंच ने फैसला सुनाया था कि ईवीएम सरल, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल हैं। चुनाव हो जाने के करीब एक साल बाद महाराष्ट में चुनावी धांधलियों का आरोप लगाने पर यही माना जाएगा कि कांग्रेस गफलत में हैं। यदि चुनावों में गड़बड़ी की शिकायतें हैं भी तो इन्हें अदालतों में चुनौती दी जा सकती है। कांग्रेस को शायद अंदाजा है कि अदालतों में उसके लगाए आरोप टिक नहीं पाएंगे। सवाल यह भी है कि महाराष्ट विधानसभा चुनाव में बेईमानी का मुद्दा उठाने वाली कांग्रेस कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल में जीतने के बाद चुप क्यों रही। कांग्रेस ने इन तीनों राज्यों में फिर से मतदान कराने या चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप क्यों नहीं लगाया। कांग्रेस मौजूद ज्वलंत मुद्दों पर शायद भाजपा का सामना नहीं कर सके, यही वजह है कि ऐसे पुराने घिसे-पिटे मुद्दे उठा कर बिहार चुनाव जीतने की कवायद में जुटी हुई है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## वर्ग पहेली 5776



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1919 को बॉलीवुड की पुरानी फिल्मों के संगीतकार (निधन 6 जनवरी 1987 ) ने जन्म लिया था, सुप्रसिद्ध कृति गीत गोविंद के रचयिता (4)
4. मैथिलीशरण गुप्त की सुप्रसिद्ध कृति, अयोध्या नगरी को यह भी कहते है (3)
6. निर्गम, प्रयाण, निकास (3)
7. मूल तथ्य, चर्चा, वार्तालाप (2)
8. दृढ़तापूर्वक कही गई बात, नालिश, मुकदमा, अभियोग (2)
9. जालिम, अत्याचारी, दरिंदा (3)
11. यह भारत का प्रथम सम्राट था जिसने मुगल साम्राज्य स्थातिप किया (3)
13. चमगादड़ को यह भी कहते है (3)
14. संगीत में ऋषभ स्वर सूचक शब्द (1)
16. जिसकी कोई सीमा न हो, अंतहीन, छोरहीन (3)
18. भारत के हरियाण राज्य का एक नगर जो यमुना नदी के समीप स्थित है (4)
19. स्कंध, जुलाहों की राछ या कूंची (2)
21. मंदगति से भ्रमण करना, मंद गमन करन, विचरना (4)
22. कसम, सौगंध, हलफ, सौंह (3)

**ऊपर से नीचे**

1. माता दुर्गा के नामों में से एक, शारदा (4)
2. दो की संख्या, निग्रह (2)
3. देयी, कर्जदार, ऋणग्रस्त (4)
4. यह अमिताभ बच्चन अभिनीत पहली फिल्म थी (6)
5. शीघ्रता से, उत्साहपूर्ण (3)
10. महाशय, श्रीमान, महोदय (2)
12. पुण्य दिवस, वार्षिकी (3)
15. भूत, प्रेम आदि के स्वामी होने के कारण भगवान शिव का एक नाम (4)
16. अत्यधिकता, असंख्य, आक्रमण (3)
17. एक डंडे के सिरे पर कपड़ा लपेटकर उसे जलाने से उत्पन्न रोशनी (3)
20. विविध, एक रिश्ता, मातामह (2)

**वर्ग पहेली 5775 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | वि | शं | क | र | शु | क्ल | |
| ज्ञ | ल | ख | ग | | मा | र्क | |
| त | य | | र | का | र | | सा |
| प | | शू | | मा | | गं | ध |
| ट | ह | ल | | य | | गा | ना |
| | नु | | रा | नी | गं | ज | |
| त | मा | शा | ई | | ड | ल | ना |
| न | न | द | | पा | क | | ते |

# सच्ची आज़ादी अपने भीतर से मिलती है

(सुंदरचंद ठाकुर)

आज़ादी एक शब्द नहीं, एक अनुभव है। और यह अनुभव हर किसी के लिए अलग होता है। हम सबने बचपन से आज़ादी के नारों को सुना है, देश की, समाज की, विचारों की। लेकिन उम्र के साथ धीरे-धीरे समझ आने लगता है कि बाहर की आज़ादी जितनी ज़रूरी है, उससे कहीं ज़्यादा ज़रूरी भीतर की आज़ादी है। क्योंकि बाहर की बेड़ियां कोई और खोल सकता है, पर भीतर की बेड़ियां तो हमें खुद खोलनी पड़ती हैं।

आजादी का असली मतलब क्या है? क्या यह केवल अपनी मर्ज़ी से जी पाने का नाम है? क्या यह केवल अधिकारों और विकल्पों की बात है? या फिर यह उस पल का नाम है जब आप अपने भीतर के डर, अपराधबोध, अपेक्षाओं और दबावों से मुक्त हो जाते हैं? अक्सर लोग कहते हैं ङ्क मैं अपनी मर्ज़ी से जीता हूं। पर क्या सच में? क्या हम मर्ज़ी से सोचते हैं? क्या हम मर्ज़ी से दुखी होते हैं? क्या हम मर्ज़ी से गुस्सा करते हैं, जलते हैं, डरते हैं? हमारी सबसे बड़ी गुलामी वह है, जिसकी हमें खबर भी नहीं होती। हम अपने पुराने अनुभवों, बचपन की सीखों, समाज की शर्तों और रिश्तों की अपेक्षाओं से इस कदर बंधे होते हैं कि हम आज़ाद होकर भी भीतर से जकड़े होते हैं। कई बार एक आदमी ऊँचे ओहदे पर होता है, पैसा भी होता है, सब आज़ादी होती है, पर फिर भी वह रात में चैन से नहीं सो पाता। क्योंकि उसके भीतर कोई टूटी हुई आवाज़, कोई न पूरी हो पाई ख्वाहिश या कोई दबा हुआ डर, उसे हर पल याद दिलाता है कि तू आज़ाद नहीं है।

सच्ची आज़ादी तब आती है जब हम अपनी सोच के पुराने ढांचे को तोड़ते हैं। जब हम यह मानने लगते हैं कि मैं जैसा हूं, मुझे वैसा ही स्वीकार है। जब हम दूसरों को खुश करने की मजबूरी से बाहर निकलते हैं, जब हम 'कैसा दिखना चाहिए' से ज़्यादा 'कैसा हूं' की ईमानदारी में जीना शुरू करते हैं। भीतर की आज़ादी यह नहीं कहती कि आप ज़िम्मेदारियों से भागो। वह तो आपको उन ज़िम्मेदारियों को निभाने की ताक़त देती है। वह आज़ादी आपको अपनी बात कहने का साहस देती है, पर चुप रहने की समझ भी देती है। वह आपको उड़ना सिखाती है, पर जड़ों से जुड़कर। महात्मा बुद्ध ने जब राजमहल छोड़ा, तो उन्होंने सत्ता नहीं छोड़ी ङ्क उन्होंने अपने भीतर के भ्रम छोड़े। उन्होंने सवाल पूछे ङ्क मैं कौन हूं?, मैं क्यों दुखी हूं?, मैं कैसे आज़ाद हो सकता हूं? उनकी आज़ादी इस बात में नहीं थी कि उन्होंने सब कुछ त्याग दिया बल्कि इस बात में थी कि उन्होंने वह सब त्याग दिया जो उन्हें खुद से दूर ले जा रहा था।

आज भी वही प्रश्न हमारे सामने है कि क्या हम वो जीवन जी रहे हैं जो हमारे भीतर के सच के अनुकूल है? या फिर हम सिर्फ़ वो रोल निभा रहे हैं जो समाज ने हमें दे दिए हैं? भीतर की आज़ादी किसी दस्तावेज़ से नहीं मिलती। वह एक साधना है ङ्क हर रोज़ खुद से मिलते रहने की, खुद को टटोलते रहने की। यह पूछने की कि क्या मैं वही हूं, जो मैं दिखा रहा हूं? और जब एक दिन इसका उत्तर 'हां' में आता है, वही दिन होता है जब आप आज़ाद होते हैं। असली आज़ादी कोई दे नहीं सकता। वो तो भीतर पैदा होती है और जब होती है, तो सारा जीवन उसका उत्सव बन जाता है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## आज का राशिफल

**मेष**
आज करियर में नई संभावनाएं दिखाई देंगी। जो लोग नौकरी बदलने की सोच रहे हैं, उन्हें कोई बेहतर प्रस्ताव मिल सकता है। व्यवसाय में किसी पुराने क्लाइंट से दोबारा संपर्क हो सकता है जो लाभकारी सिद्ध होगा। किसी आर्थिक योजना या निवेश में सोच-समझकर ही निर्णय लें।

**वृष**
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत हो रहा है। नौकरीपेशा लोगों को सैलेरी बढ़ने या इंक्रीमेंट की खबर मिल सकती है। व्यवसाय में यदि साझेदारी है, तो कोई डील करने से पहले हर पहलू को जांच परख लेने में ही समझदारी है। कानूनी पहलुओं की जांच अवश्य करें।

**तुला**
आज करियर के मामले में लाभ होने के योग हैं। आपकी आर्थिक योजनाएं गति पकड़ेंगी। प्रॉपर्टी या वाहन में निवेश के संकेत हैं। व्यवसाय में विस्तार या ब्रांडिंग पर ध्यान देंगे तो आपको अधिक सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक**
आज दिन तरक्की से भरा होगा और आपकी आर्थिक योजनाएं सफल साबित होंगी। आर्थिक मामलों में चतुराई से निर्णय लें। बिजनस में लीगल क्लीयरेंस और टैक्स संबंधित विषयों में सतर्कता रखें।

**मिथुन**
आज कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा, लेकिन अधिक व्यस्तता बनी रहेगी। अचानक कोई बड़ा खर्च सामने आ सकता है, इसलिए बजट बनाकर चलें। नौकरी में स्थानांतरण या नया कार्यभार मिल सकता है। फ्रीलांसर या मीडिया, कंटेंट और आईटी सेक्टर से जुड़े लोगों को लाभ होगा ।

**कर्क**
आज दिन आर्थिक रूप से लाभकारी है। यदि आपने पहले कहीं पैसा निवेश किया था, तो उसका लाभ मिलने की संभावना है। व्यापार में कोई नई डील फाइनल हो सकती है जिससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

**धनु**
आज भाग्य साथ दे रहा है। आपको नौकरी और कारोबार में नए अवसर मिल सकते हैं। यदि आप कोई इंटरव्यू देने जा रहे हैं, तो सफलता मिलने के संकेत हैं। फाइनेंस, एजुकेशन या लीगल सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है।

**मकर**
आज तरक्की के योग बने हैं। आपको आर्थिक मामलों में थोड़ी सतर्कता बरतने की जरूरत है। बिजनस में अचानक खर्चों की अधिकता हो सकती है। नौकरी में बदलाव के संकेत हैं, लेकिन निर्णय सोच-समझकर लें।

**सिंह**
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए उन्नति के योग बन रहे हैं। आपको अपने बॉस और वरिष्ठ लोगों से प्रशंसा प्राप्त होगी। व्यवसाय में निवेश करने की योजना बनेगी और नई साझेदारी लाभदायक सिद्ध होगी। फाइनेंस, बीमा, रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

**कन्या**
आज लाभ होगा और कार्यक्षेत्र में आप बड़े प्रभावशाली निर्णय लेंगे। नौकरीपेशा लोग अपने विचारों से सहकर्मियों और वरिष्ठों को प्रभावित करेंगे। बिजनस में नई स्ट्रैटजी लागू करने से लाभ होगा।

**कुंभ**
आज दिन लाभ और तरक्की से भरा होगा। आपकी आर्थिक स्थिति में तेजी से सुधार आएगा। धन के नए स्रोत सामने आएंगे। नौकरी में आपको कोई प्रॉजेक्ट लीड करने का मौका मिल सकता है। बिजनस में इनोवेशन और टेक्नॉलजी पर खर्च करके अच्छा लाभ कमाया जा सकता है।

**मीन**
आज दिन आर्थिक दृष्टिकोण से स्थिर रहेगा। कार्यक्षेत्र में नए विचारों से आपको पहचान मिलेगी। लेखन, अध्यापन, स्पिरिचुअल और काउंसलिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए लाभ के संकेत हैं। परिवार या बच्चों से जुड़ा कोई खर्चा अचानक आ सकता है, लेकिन आप उसे संभाल लेंगे।00

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब पुलिस ने आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा आतंकी मॉड्यूल का किया भंडाफोड़, तीन धरे

**अमृतसर, एजेंसी।** पंजाब पुलिस को आतंक के खिलाफ अपनी कार्रवाई में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशल के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राज्य के पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने दावा किया कि यह समूह अमृतसर क्षेत्र में पुलिस प्रतिष्ठानों पर हमले और लक्षित हत्याएं करने की साजिश रच रहा था। मोहाली स्थित स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल द्वारा चलाए गए इस अभियान के तहत पुलिस ने अमृतसर के रामदास निवासी सहजपाल सिंह और विक्रमजीत सिंह को गिरफ्तार किया है, जबकि एक 17 वर्षीय लड़के को भी पकड़ा गया है। पुलिस महानिदेशक ने इस भंडाफोड़ को लेकर कहा, एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है, इससे अनगिनत निर्दोष लोगों की जान बच गई है। गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा, एक खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान में राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ, मोहाली ने पाकिस्तानी आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, जिसे ब्रिटेन स्थित निशान सिंह और पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर रिंदा द्वारा संचालित किया जा रहा था। एक किशोर को पकड़ा गया है और दो को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया, अभियान के दौरान दो हथगोले, एक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमृतसर ग्रामीण के रामदास निवासी सहजपाल सिंह और विक्रमजीत सिंह तथा एक किशोर के रूप में हुई है। एसएसओसी, मोहाली पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता और विस्फोटक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। डीजीपी ने कहा कि जांच जारी है तथा और गिरफ्तारियां होने की उम्मीद है।

### केरल के स्कूलों में होगा जुंबा डांस, विरोध में उतरे मुस्लिम संगठन

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल की पिनारायी विजयन सरकार ने ड्रग्स के खिलाफ कैंपेन चलाने और स्कूल में बच्चों की मेंटल और फिजिकल फिटनेस के लिए जुंबा डांस कराने का फैसला किया है। कुछ स्कूलों में जुंबा डांस का सेशन शुरू भी कर दिया गया है। कई मुस्लिम संगठन केरल सरकार के इस कदम की जमकर आलोचना और विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि स्कूल में इस तरह से डांस करवाना नैतिकता के खिलाफ है और यह इस्लाम विरोधी है। मुख्यमंत्री विजयन ने कहा था कि ऐरोबिक मूवमेंट के साथ म्यूजिक पर डांस करने से बच्चों का टेंशन कम होगा। इसके अलावा युवाओं को ड्रग्स के खिलाफ संदेश दिया जाएगा। वहीं समस्त केरल सुन्नी युवाजन संघम के राज्य सचिव अब्दुस्समाद पूक्कूत्तुर ने इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को इस बारे में विचार करने की जरूरत है। बता दें कि एसवायएस केरल की प्रमुख सुन्नी संस्था समस्त केरल जमीय्यातुल उलेमा की युवा शाखा है। राज्य की शिक्षा मंत्री आर बिंदु ने सरकार के इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि जुंबा डांस से बच्चों के साथ आम लोगों को भी फायदा होगा। उन्होंने कहा, हम 21वीं सदी में जी रहे हैं। हम अब मध्य काल में नहीं हैं। सबको ही समय के हिसाब से विचार करना चाहए। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की छात्र शाखा मुस्लिम स्टूडेंट फेडरेशन ने भी सरकार के इस कदम का विरोध किया है। एमएसएफ के स्टेट प्रेसिडेंट पीके नवास ने कहा, जब स्कूल में इस तरह के कार्यक्रम होंगे तो फिर पढ़ाई कैसेहोगी। क्या शिक्षा विभाग ने कोई रिसर्च की है या फिर इस बारे में शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों से राय ली है।

### खाटू श्याम-अजमेर जाना हुआ आसान, झारखंड से राजस्थान के लिए नई ट्रेन शुरू

**गुरुग्राम, एजेंसी।** खाटू श्याम, सालासर बालाजी और अजमेर शरीफ जैसे धार्मिक स्थलों पर जाने वालों के लिए खुशखबरी है। भारतीय रेलवे ने झारखंड से राजस्थान के लिए एक नई ट्रेन शुरू की है। यह ट्रेन गुरुग्राम और रेवाड़ी स्टेशन से होकर गुजरेगी। रेलवे द्वारा दी गई सूचना के मुताबिक, ट्रेन संख्या 19603/04 गोड्डा (झारखंड) और अजमेर (दौराई) के बीच चलेगी। इससे गुरुग्राम में नौकरी करने वाले उन लोगों को भी सुविधा होगी, जो राजस्थान और झारखंड से हैं। इस ट्रेन से खाटू श्याम, सालासर, अजमेर शरीफ, प्रयागराज जैसे धार्मिक स्थानों पर जाने वाले लोगों को सीधी ट्रेन की सुविधा मिलेगी। रेलवे अधिकारी विवेक कुमार सिन्हा ने बताया कि यह ट्रेन अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, नीमका थाना, नरनौल, अटेली, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टुंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज (प्रयागराज), मिर्जापुर, चुनार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ओनसोन, गया, तिलैया, नवादा, शेखपुरा, किऊल, झाझा, जसीडीह, देवघर, मोहनपुर, पोड़ैयाहाट होते हुए गोड्डा पहुंचेगी। गुरुग्राम कॉरपोरेट हब है। यहां के सैकड़ों यात्रियों को इस ट्रेन से सीधा लाभ मिलेगा। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि इस ट्रेन के शुरू होने से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि गुरुग्राम के व्यापारियों और नौकरी पेशा लोगों को भी फायदा होगा।

# भारत ने लगाई समुद्री छलांग, श्रीलंका के साथ कर ली डॉकयार्ड डील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की प्रमुख रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने श्रीलंका के सबसे बड़े शिपयार्ड, कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी (सीडीपीएलसी) में नियंत्रण हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा की है। यह सौदा 52.96 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 452 करोड़ रुपये) का है। यह भारत की किसी सरकारी रक्षा शिपयार्ड कंपनी द्वारा किया गया पहला अंतरराष्ट्रीय अधिग्रहण होगा और इसके जरिए भारत को हिंद महासागर क्षेत्र में एक रणनीतिक उपस्थिति मिलेगी। यह सौदा ऐसे समय में हुआ है जब चीन की सैन्य और आर्थिक घुसपैठ श्रीलंका सहित पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के लिए चिंता का विषय बनी हुई है।

**क्षेत्रीय समुद्री शक्ति बनाएगी डील :** मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी रक्षा शिपयार्ड कंपनी है। इसने कोलंबो डॉकयार्ड में कम से कम 51 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अधिग्रहण प्राथमिक पूंजी निवेश और द्वितीयक शेयर खरीद के संयोजन के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें जापान की ओनोमिची डॉकयार्ड कंपनी लिमिटेड से शेयरों की खरीद शामिल है, जो वर्तमान में सीडीपीएलसी की बहुसंख्यक हिस्सेदार है। यह सौदा नियामक अनुमोदन और अन्य सामान्य शर्तों के अधीन है, और



इसके चार से छह महीने में पूरा होने की उम्मीद है। सौदे के पूरा होने पर, कोलंबो डॉकयार्ड भारत की एमडीएल की सहायक कंपनी बन जाएगी। एमडीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक कैप्टन जगमोहन ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, सीडीपीएलसी में नियंत्रण हिस्सेदारी का प्रस्तावित अधिग्रहण हमारे शिपयार्ड को एक क्षेत्रीय समुद्री शक्ति और आगे चलकर एक वैश्विक शिपबिल्डिंग कंपनी में बदलने की दिशा में एक गेटवे है। उन्होंने कहा, कोलंबो पोर्ट पर सीडीपीएलसी की रणनीतिक स्थिति, इसकी सिद्ध क्षमताएं और क्षेत्रीय उपस्थिति, एमडीएल को दक्षिण एशिया में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थापित करेगी।

**50 से अधिक वर्षों का अनुभव :** सीडीपीएलसी के पास जहाज निर्माण, मरम्मत और भारी इंजीनियरिंग का 50 से अधिक वर्षों का अनुभव है। यह कंपनी जापान, नॉर्वे, फ्रांस, यूएई, भारत और कई अफ्रीकी देशों के लिए जटिल ऑफशोर सपोर्ट वेसल, केबल-लेइंग जहाज, टैंकर और गश्ती नौकाएं बना चुकी है। सीडीपीएलसी वर्तमान में लगभग 300 मिलियन डॉलर की परियोजनाओं पर काम कर रही है, जिसमें केबल-लेइंग शिप, मल्टीपर्पज यूटिलिटी शिप और फ्लीट सपोर्ट वेसल्स शामिल हैं। एक एमडीएल अधिकारी ने कहा, एमडीएल के तकनीकी सहयोग, भारतीय सप्लाई चैन तक पहुंच और भारतीय व मित्र देशों के समुद्री बाजारों में प्रवेश के साथ, सीडीपीएलसी अब वित्तीय पुनरुद्धार और दीर्घकालिक विकास के लिए तैयार है। वहीं, भारत में भी एमडीएल का प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है। जर्मन कंपनी थाइसनक्रुप मरीन सिस्टम्स के साथ साझेदारी में एमडीएल भारतीय नौसेना के लिए छह नई स्टेल्थ डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों के निर्माण के लिए मेगा प्रोजेक्ट को हासिल करने की दौड़ में है। इन पनडुब्बियों की शुरुआती लागत 43,000 करोड़ रुपये आंकी गई थी, जो अब बढ़कर लगभग 70,000 करोड़ रुपये हो चुकी है। इसके अलावा, एमडीएल के पास तीन और स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों के निर्माण का प्रस्ताव भी है, जिनकी लागत लगभग 38,000 करोड़ रुपये होगी। इससे पहले एमडीएल ने छह स्कॉर्पीन या कलवरी-क्लास पनडुब्बियां लगभग 23,000 करोड़ रुपये में तैयार की हैं। भारत की समुद्री और रक्षा रणनीति के लिहाज से यह अधिग्रहण एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है, जिससे न केवल श्रीलंका में भारत की उपस्थिति मजबूत होगी, बल्कि चीन की बढ़ती सैन्य पकड़ को संतुलित करने में भी मदद मिलेगी। कोलंबो डॉकयार्ड कोलंबो बंदरगाह में स्थित है। यह हिंद महासागर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण समुद्री गलियारे में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह बंदरगाह दुनिया के सबसे व्यस्त ट्रांसशिपमेंट हब में से एक है, और इस अधिग्रहण के माध्यम से भारत को इस क्षेत्र में एक मजबूत परिचालन आधार मिलेगा। यह कदम भारत की समुद्री प्रभाव को बढ़ाने और क्षेत्र में चीन की बढ़ती रणनीतिक उपस्थिति का जवाब देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## आरएसएस का नकाब फिर उतरा; उसे संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए: राहुल गांधी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर शुक्रवार को निशाना साधा।



आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने संबंधी बयान दिया। इसे लेकर राहुल ने आरोप लगाया कि आरएसएस का नकाब फिर से उतर गया है। उसे संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'आरएसएस का नकाब फिर से उतर गया। संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है।'

राहुल गांधी ने आरोप लगाया, 'आरएसएस-भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। ये बहुजनों और गरीबों से उनके अधिकार छीनकर उन्हें दोबारा गुलाम बनाना चाहते हैं। संविधान जैसा ताकतवर हथियार उनसे छीनना इनका असली एजेंडा है।' कांग्रेस नेता ने कहा कि आरएसएस ये सपना देखना बंद करे क्योंकि उसे सफल नहीं होने दिया जाएगा। राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया, 'हर देशभक्त भारतीय आखिरी दम तक संविधान की रक्षा करेगा।'

**दत्तात्रेय होसबाले ने क्या कहा :** आपातकाल पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरएसएस सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा था, 'बाबासाहेब आंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उसकी प्रस्तावना में ये शब्द कभी नहीं थे। आपातकाल के दौरान जब मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए, संसद काम नहीं कर रही थी, न्यायपालिका पंगु हो गई थी, तब ये शब्द जोड़े गए।' उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर बाद में चर्चा हुई लेकिन प्रस्तावना से उन्हें हटाने का कोई प्रयास नहीं किया गया। होसबोले ने कहा, 'इसलिए उन्हें प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं, इस पर विचार किया जाना चाहिए।

## हिंदी विवाद पर फडणवीस का पलटवार, बोले- खुद उद्धव सरकार ने मंजूर की थी रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की सियासत में एक बार फिर भाषा विवाद ने जोर पकड़ लिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दावा किया है कि जब उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे, तब उनकी सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत एक ऐसी समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया था, जिसमें मराठी के साथ-साथ हिंदी और अंग्रेजी को अनिवार्य करने की सिफारिश की गई थी। यह बयान उस समय आया है, जब उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे ने स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य करने के कथित फैसले के खिलाफ 5 जुलाई को मुंबई में संयुक्त विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। फडणवीस ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जब एनईपी 2020 लागू की गई थी, तब उद्धव ठाकरे की माहा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार सत्ता में थी। उस समय एक 18 सदस्यीय समिति का गठन किया गया था, जिसने नीति का अध्ययन किया। जून 2021 में इस समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि मराठी के साथ हिंदी और अंग्रेजी को अनिवार्य किया जाए। इस रिपोर्ट को 27 जनवरी 2022 को उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में स्वीकार किया गया।

## ठाकरे बंधुओं को मिला शरद पवार का साथ, विरोध-प्रदर्शन में होंगे शामिल

**मुंबई, एजेंसी।** शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) ने ठाकरे बंधुओं की ओर से 5 जुलाई को बुलाए गए विरोध प्रदर्शन का समर्थन करने की घोषणा की है। एनसीपी (एसपी) अध्यक्ष जयंत पाटिल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से इस मार्च में बड़ी संख्या में भाग लेने की भी अपील की। पाटिल की ओर से शुक्रवार शाम को जारी बयान में कहा गया, एनईपी 2020 की त्रि-भाषी नीति के तहत हिंदी के थोपे जाने के विरोध में मुंबई में मराठी भाषी नागरिकों की विशाल रैली होगी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार गुट) ने इस मार्च को अपना पूरा समर्थन दिया है।

एससीपी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के लोग हिंदी विरोधी नहीं हैं, लेकिन पहली कक्षा से चौथी तक के विद्यार्थियों पर यह भाषा थोपना उचित नहीं है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान पवार ने कहा कि देश की 55 प्रतिशत आबादी हिंदी बोलती है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पवार की यह टिप्पणी महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बीच आई है, जो पिछले सप्ताह राज्य सरकार की ओर से संशोधित आदेश जारी करने के बाद शुरू हुआ था। इसमें कहा गया कि हिंदी को आम तौर पर कक्षा एक से पांच तक मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में छात्रों को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाएगा। पवार ने कहा, पहली कक्षा से लेकर चौथी कक्षा के विद्यार्थियों पर हिंदी थोपना सही नहीं है। इस उम्र में मातृभाषा ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 5वीं कक्षा के बाद ऐसा किया जाता है तो यह उनके हित में होगा, क्योंकि भारत में 55 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं।



**राज ठाकरे ने भी समर्थन देने का किया ऐलान :** उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे भले ही राजनीतिक रूप से अलग हों, लेकिन उन्होंने मराठी भाषा के मुद्दे पर एक साथ आने का फैसला लिया है। उनकी पार्टियां हिंदी भाषा थोपे जाने और पहली कक्षा से 5वीं कक्षा के लिए सरकार के त्रि-भाषा फॉर्मूले के खिलाफ मिलकर प्रदर्शन करेंगी। 5 जुलाई को होने वाला विरोध प्रदर्शन शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे को एक मंच पर लाएगा।

दोनों नेताओं ने गुरुवार को एक ही समय पर अलग-अलग संवाददाता सम्मेलनों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वे हिंदी और त्रि-भाषा फॉर्मूले को थोपे जाने का पुरजोर विरोध करेंगे। उद्धव ने 7 जुलाई को आजाद मैदान में कुछ संगठनों की ओर से आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने की घोषणा की थी, जबकि उनके चचेरे भाई राज ने कहा था कि वह 6 जुलाई को गिरगांव चौपाटी से एक गैर-राजनीतिक मार्च निकालेंगे और इसमें शिवसेना (उबाठा) सहित सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को आमंत्रित करेंगे। ऐसे में पांच जुलाई को मनसे और शिवसेना (उबाठा) का संयुक्त विरोध प्रदर्शन होगा।

## असम में घुसपैठ रोकने के लिए सख्त इंतजाम, आधार कार्ड पर कौन सा नियम ला रहे सीएम हिमंता सरमा

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने घुसपैठ पर लगाम के लिए एक नई पहल की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार वयस्कों के लिए आधार कार्ड जारी करने के नियमों को सख्त बनाने पर विचार कर रही है। आधार कार्ड जारी करने के सख्त नियमों से अवैध विदेशियों का पता लगाने और उन्हें देश से बाहर निकालने में राज्य सरकार के प्रयासों को और बढ़ावा मिलेगा। सरमा ने की एक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहाकि आज हमने एक प्रस्ताव पर चर्चा की, जिसके तहत वयस्कों के लिए आधार कार्ड पूरी तरह से सत्यापन के बाद ही जारी किए जाएंगे। कैबिनेट जल्द ही इस संबंध में निर्णय लेगी। हिमंता बिस्वा सरमा ने कहाकि असम में करीब 100 प्रतिशत वयस्कों के पास आधार कार्ड हैं। उन्होंने कहाकि अगर कोई वयस्क आधार कार्ड के लिए आवेदन करता है, तो हम व्यापक जांच करेंगे। नए नियमों के प्रभावी होने के बाद से केवल जिला आयुक्त के पास आधार कार्ड जारी करने का अधिकार होगा। मुख्यमंत्री ने



कहाकि इससे यह सुनिश्चित होगा कि कोई अवैध घुसपैठिया आधार कार्ड न हासिल करे और हम उसका आसानी से पता लगा सकते हैं तथा उसे उसके देश भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन योग्य वयस्क नागरिकों का आधार कार्ड नहीं बन पाया है, उन्हें आवेदन करने का मौका मिलेगा। डिप्टी कमिश्नर को इसके लिए अधिकृत किया जाएगा। जन्म प्रमाणपत्र के लिए भी प्रक्रिया होगी सख्त मुख्यमंत्री ने कहा कि बाद में जन्म प्रमाणपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी इसी प्रकार सख्त किया जाएगा। ऐसे मामलों में जिलाधिकारी को प्रमाणपत्र जारी करने वाला प्राधिकारी नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हालांकि आधार कार्ड नागरिकता का दस्तावेज नहीं है, लेकिन आधिकारिक तौर पर इसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर होता है, जिसमें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना, बैंक में खाता खोलना, गैस कनेक्शन प्राप्त करना आदि शामिल है। उन्होंने कहाकि अगर हम आधार कार्ड को ब्लॉक कर सकते हैं, तो हम अन्य दस्तावेज जारी करने पर भी रोक लगा सकते हैं। हमें विदेशियों के यहां वैध रूप से लंबे समय तक रहने और आधार कार्ड बनवाने से कोई समस्या नहीं है। हमारी समस्या अवैध विदेशियों से है। अवैध बांग्लादेशियों पर ऐक्शन मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि नियमों को कड़ा करने से निर्वासन प्रयासों में मदद मिलेगी। उन्होंने कहाकि घुसपैठियों का पता लगाने और उन्हें वापस भेजने के हमारे निरंतर प्रयासों के तहत कल रात हमने 20 और बांग्लादेशियों को निर्वासित किया। आधार जारी करने के नियमों को सख्त करने का निर्णय इस दिशा में हमारे प्रयासों में सहायता ही करेगा।

## हम रोज-रोज मुख्यमंत्री नहीं बदलते हैं, जब चुनाव आएगा तो पता किया जाएगा: राधा मोहनदास अग्रवाल

**जयपुर, एजेंसी।** साल 2023 में राजस्थान विधानसभा चुनाव हुए। चुनावों के बाद रिजल्ट आए तो बीजेपी ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की। जीत के बाद सबसे बड़ा सवाल सामने आया कि आखिर अब मुख्यमंत्री किसे बनाया जाएगा। कई दिनों तक चले इंतजार के बाद बीजेपी ने जो फैसला किया, उसने सबको चौंका दिया। भाजपा ने जयपुर की सांगानेर विधानसभा सीट से जीतकर आए भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बना दिया। मुख्यमंत्री के ऐलान वाली पर्ची जब राजनाथ सिंह ने वसुंधरा राजे को दी, उनका रिएक्शन आज भी लोगों को याद है। ऐसे में अब अटकलें शुरू हो गई थीं कि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान का मुख्यमंत्री हटाकर किसी और को बनाने का प्लान कर रही है। लेकिन राजस्थान के भाजपा प्रभारी राधा मोहनदास अग्रवाल ने सब साफ कर दिया है।

**क्या बोले राधा मोहनदास अग्रवाल :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को हटाए जाने की अटकलों के बीच जब राधा मोहनदास अग्रवाल से पूछा गया कि क्या भारतीय जनता पार्टी उन्हें हटाने की तैयारी कर रही है? इस मामले पर जवाब देते हुए कहा कि भाजपा में जो व्यक्ति एक बार मुख्यमंत्री बन गया वो बन गया। उन्होंने कहा कि हम रोज-रोज मुख्यमंत्री नहीं बदलते हैं। जब चुनाव आएगा तो पता किया जाएगा कि क्या करना है। राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि हम इस तरह का काम करके विरोधियों को मौका नहीं देते हैं। राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि भाजपा में काम का आंकलन किया जाता है, उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाता है। इस दौरान उन्होंने भजनलाल शर्मा को लेकर कहा कि राजस्थान में जब विधानसभा चुनाव आएंगे तो इस बात पर निर्णय लिया जाएगा। अभी इस मामले पर कोई बात नहीं हुई है। अग्रवाल ने कहा कि सबका आंकलन आखिरी में ही किया जाता है, फिर चाहे वो विद्यार्थी हो, वकील हो या कोई और काम करने वाला, उन्होंने कहा ऐसा ही राजनीति में होता है। जब चुनाव आते हैं तो नेताओं के काम का आंकलन किया जाता है। ऐसे ही भजनलाल शर्मा के काम का आंकलन किया जाएगा।



## हिमाचल में उफनती नदी में दिखी लाखों कटी लकड़ियां, कांग्रेस विधायक ने लिया अपनी ही सरकार को आड़े हाथों

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले की सैंज और बंजार घाटियों में हाल ही में आई बाढ़ ने जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया, वहीं इस मॉनसूनी बारिश ने प्रदेश में बड़े पैमाने पर हो रही अवैध वन कटाई की पोल भी खोलकर रख दी है। नदी-नालों में जिस तरह लकड़ियों का सैलाब देखने को मिला, उसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। नदियों में बाढ़ के जो दृश्य सामने आए हैं, उनमें बड़े पैमाने पर पेड़ों की लकड़ियां दिखाई दे रही हैं, जिसके बाद उन्हें देखकर ऐसा लग रहा है जैसे कोई लकड़ी की नदी बह रही हो। यूजर्ज़ सोशल मीडिया पर इसके वीडियो शेयर कर रहे हैं। कुल्लू जिले के बंजार व सैंज क्षेत्र में दो दिन पहले बादल फटने के बाद आई बाढ़ में तीन लोग बह गए थे, जिनका अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। लेकिन इस बाढ़ के बाद जो तस्वीरें सामने आईं, उन्होंने वन विभाग और शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। नदी-नालों में बहती भारी मात्रा में लकड़ी से माना जा रहा है कि जंगलों में बड़े पैमाने पर अवैध कटाई हो रही है।

मंडी जिले के पंडोह डैम में भी लाखों लकड़ियों के ढेर नजर आए, जो यह दिखा रहे हैं कि वन क्षेत्र में कटाई माफिया कितने सक्रिय हैं और छिपकर काम कर रहे हैं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी कई बार



प्राकृतिक आपदाओं के बाद इसी तरह की तस्वीरें सामने आ चुकी हैं। वर्ष 2023 में भी कुल्लू और शिमला जिले के रामपुर और सुन्नी क्षेत्रों में बाढ़ के बाद डैमों में लकड़ी के ढेर जमा हो गए थे।

**पुष्पा कौन? कुल्लू के जंगलों में कौन चला रहा अवैध कटान :** नदी में बहती इन लकड़ियों को देखने के बाद अब यह बड़ा सवाल उठ खड़ा हुआ है कि आखिर कुल्लू के जंगलों में पुष्पा कौन बन रहा है? कौन लोग हैं जो इतने सुनियोजित तरीके से जंगलों को काटकर लकड़ी को इकट्ठा कर रहे हैं, जो बारिश और बाढ़ के बाद नदियों में बहती नजर आती है? बता दें कि फिल्म 'पुष्पा' में फिल्म का हीरो बड़े पैमाने पर जंगल से लाल चंदन के पेड़ों को काटकर लकड़ियों की तस्करी करता था।

**कांग्रेस विधायक ने लिया सरकार को आड़े हाथों :** इस मुद्दे पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और शिमला जिला के ठियोग से विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने अपनी ही सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में अवैध वन कटान और खनन हो रहा है जिससे हर साल प्राकृतिक आपदा में नुकसान उठाना पड़ रहा है और कुल्लू में बहकर आए पेड़ इसका बड़ा सबूत हैं। राठौर ने कहा कि हिमाचल में अवैध कटान और खनन वर्षों से जारी है, लेकिन अब यह बेकाबू हो चुका है। हर साल मॉनसून सीजन में बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने जैसी घटनाएं होती हैं, जिनका एक बड़ा कारण जंगलों का अंधाधुंध दोहन है। कुलदीप राठौर ने शुक्रवार को शिमला में कहा कि कुल्लू में बहकर आई लकड़ियां इस बात की जीती-जागती मिसाल हैं कि राज्य में अवैध वन कटान हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस मामले को गंभीरता से लें और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि 2023 में भी प्राकृतिक आपदा के दौरान काफी लकड़ी बहती देखी गई थी और अब फिर से इस बार कुल्लू में बादल फटने की घटना के बाद आई बाढ़ में लकड़ी बहती देखी गई है। यह लकड़ी कहां से आई इसको लेकर प्रश्न खड़े हो रहे हैं और इसकी जांच होनी चाहिए। राठौर ने यह भी कहा कि हिमाचल में जहां-तहां पॉवर प्रोजेक्ट्स लग रहे हैं, जिसके चलते वहां बड़े पैमाने पर पेड़ काटे जा रहे हैं। इससे ना केवल स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर असर पड़ रहा है।

## नीरज चोपड़ा एनसी क्लासिक देखने के इच्छुक फैन की इच्छा पूरी करेंगे, यात्रा का पूरा खर्च उठाएंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक प्रशंसक ने बुधवार को पहला एनसी क्लासिक टूर्नामेंट देखने की इच्छा जताते हुए सोशल मीडिया पर 2000 रूपये देने का अनुरोध किया और जवाब में भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने खुद उनकी बेंगलुरू यात्रा का पूरा खर्च उठाने का वादा किया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा ने प्रशंसक को पूरा वीवीआईपी अनुभव देने का वादा किया जिसमें पांच जुलाई को होने वाली स्पर्धा के लिए बेंगलुरू में रहने का बंदोबस्त भी शामिल है। तमिलनाडु के कोयंबटूर के भालाफेंक प्रशंसक रंजीत कुमार रविचंद्रन ने सोशल मीडिया पर ट्वीट करके कहा था कि वह भारत में नीरज चोपड़ा के नाम पर होने वाला यह टूर्नामेंट देखना चाहते हैं। उन्होंने लिखा था, 'कोई मुझे 2000 रुपए दे सकता है ताकि मैं कोयंबटूर से जाकर यह देख सकूं। चोपड़ा ने जवाब में लिखा, 'हैलो रंजीत। तुम्हें बेंगलुरू में पूरा वीवीआईपी अनुभव मिलेगा क्योंकि एनसी क्लासिक देखने के लिए इस यात्रा का खर्च मैं उठाऊंगा। रेडिसन होटल को धन्यवाद क्योंकि तुम मुझसे 90 मीटर की दूरी पर रहोगे। मिलते हैं।

यह टूर्नामेंट 24 मई को होना था लेकिन भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण स्थगित कर दिया गया। चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स मिलकर इसका आयोजन कर रहे हैं और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ से इसे मान्यता मिली है। इसमें सात शीर्ष अंतरराष्ट्रीय भालाफेंक खिलाड़ी और पांच भारतीय खिलाड़ी भाग लेंगे।

## पंत लगातार तीसरा शतक लगाकर बना सकते हैं इतिहास इंग्लैंड में द्रविड़ के बाद दूसरे भारतीय बन सकते हैं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत एक और शतक के साथ डॉन ब्रैडमैन, राहुल द्रविड़ और ब्रायन लारा जैसे दिग्गजों की सूची में शामिल हो सकते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में 2 जुलाई से दूसरा टेस्ट शुरू होगा। लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में पंत ने दोनों इनिंग में सेंचुरी लगाई थी। उन्होंने पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन बनाए थे। हालांकि भारत यह मैच 5 विकेट से हार गया था।

**द्रविड़, लारा और ब्रैडमैन के लिस्ट में हो सकते हैं शामिल:** अगर पंत एजबेस्टन टेस्ट में एक और शतक लगाते हैं, तो वे इंग्लैंड में लगातार 3 टेस्ट शतक लगाने वाले सिर्फ सातवें विदेशी बल्लेबाज बन जाएंगे। इस लिस्ट में अब तक डॉन ब्रैडमैन, वॉरेन बार्डस्ले, चार्ल्स मैकार्टनी, राहुल द्रविड़, ब्रायन लारा और डेरिल मिचेल शामिल हैं।

राहुल द्रविड़ इस उपलब्धि को हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय हैं, जिन्होंने 2002 में नॉटिंघम (115 रन), लीड्स (148 रन) और द ओवल (217 रन) में लगातार शतक लगाए थे। डेरिल मिचेल ने 2022 में लॉर्ड्स (108 रन), नॉटिंघम (190 रन) और लीड्स (109 रन) में यह कारनामा किया।

### ट्रेविस हेड ने लगाया शतक

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को उसी के घर पर रौंदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में जीत के साथ शुरुआत की है. उसने बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को उसी के घर में 159 रनों से रौंद दिया. इस जीत के हीरो ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड रहे, जिन्होंने दोनों पारियों में शानदार अर्धशतक लगाकर मेजबान टीम के जबड़े से जीत को छीन लिया. उन्होंने इस मैच में कुल 120 रन बनाए, जिसकी वजह से ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है. वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने इस मैच में कुल 9 विकेट चटकाए, लेकिन वो अपनी टीम को हार से नहीं बचा सके. दूसरा टेस्ट मैच 3 जुलाई से सेंट जार्ज में खेला जाएगा. ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड एक बार फिर टीम के लिए संकटमोचक साबित हुए. उन्होंने दोनों पारियों में अर्धशतक ठोककर टीम को शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई. पहली पारी में उन्होंने 59 रनों की पारी खेली, जबकि दूसरी पारी में वो 61 रन बनाए. इसकी मदद से ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को उसी के घर में हराकर डब्ल्यूटीसी 2025-27 में पहली जीत दर्ज की.

प्लेयर ऑफ द मैच ट्रेविस हेड के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने 65 और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर ने शानदार 63 रनों की पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के स्कोर को 300 के पार पहुंचा दिया. इसके बाद तो वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने घुटने ही टेक दिए.

### वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन

पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया को केवल 180 रनों पर रोकने के बाद वेस्टइंडीज के बल्लेबाज पहली पारी में बड़ी बढ़त लेने से चूक गए और केवल 190 रन ही बना पाए. दूसरी पारी में भी ऑस्ट्रेलिया ने काफी खराब शुरुआत की थी. उसके 4 विकेट केवल 65 रन पर ही गिर गए थे, लेकिन इसके बाद ट्रेविस हेड, एलेक्स कैरी और ब्यू वेबस्टर की शानदार अर्धशतकीय पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 310 रन ठोक दिए. ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 301 रनों का लक्ष्य दिया, लेकिन वेस्टइंडीज की दूसरी पारी केवल 141 रनों पर ही सिमट गई.

दूसरी पारी में शमार जोसेफ ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए. ऑस्ट्रेलिया की ओर से तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड ने पांच विकेट हासिल किए. नाथन लायन ने दो विकेट चटकाए. इस मैच में वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने शमार जोसेफ की मेहनत पर पानी फेर दिया.

## ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा की सरे टीम में एंट्री, टी20 ब्लास्ट में दिखाएंगे हुनर



**सरे, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जम्पा ने चार टी20 ब्लास्ट मैच खेलने के लिए सरे के साथ अनुबंध किया है। वह 6 जुलाई को द ओवल में एसेक्स के खिलाफ सरे के डबल-हेडर मैच से पहले पहुंचेंगे। 33 वर्षीय जम्पा टी20 क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 117 विकेट लिए हैं। वह 100 टी20आई विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई थे और 2021 में टी20 विश्व कप और 2023 में 50 ओवर का विश्व कप जीतने वाली टीमों का हिस्सा थे। लेग स्पिनर जम्पा ने अपने करियर में 350 से अधिक टी20 विकेट लिए हैं जिसने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग, बिग बैश और द हंड्रेड सहित दुनिया भर की सभी सबसे बड़ी फ्रैंचाइजी लीगों में ले जाया है, जहां उन्होंने 2023 और 2024 में ओवल इनविंसिबल्स को लगातार खिताब दिलाने में मदद की। सैम कुरेन की सरे प्रतियोगिता में शानदार फॉर्म में है, उसने केंट के खिलाफ आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत हासिल की, जिसमें क्रिस जॉर्डन ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर जीत सुनिश्चित की। इसके बाद ससेक्स और मिडलसेक्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर व्यापक जीत हासिल की। जम्पा का पहला मैच 6 जुलाई को एसेक्स के खिलाफ डबल-हेडर होगा, इसके बाद ग्लॉस्टरशायर से भिड़ने के लिए ब्रिस्टल की यात्रा होगी। वह 11 जुलाई को ओवल में सरे के ग्लैमरगन से भिड़ने से पहले लाइट्स के नीचे फिर से एक्शन में होंगे, उसके बाद 13 जुलाई को ग्रुप लीडर समरसेट के खिलाफ एक और डबल-हेडर में थ्री फेदर्स में अपने शुरुआती स्पेल को समाप्त करेंगे। यदि सरे प्रतियोगिता के नॉकआउट चरणों में पहुंचता है, तो जम्पा क्वार्टर फाइनल और फाइनल डे के लिए उपलब्ध होंगे।

## नंबर-एक भारतीय बनने और उजचेस कप जीतने पर गौतम अदाणी ने प्रज्ञानंद को दी बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद शुक्रवार को ताशकंद में उजचेस कप मास्टर्स 2025 जीतने के बाद लाइव रेटिंग में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए। इस



जीत से प्रज्ञानंद की लाइव रेटिंग 2778.3 तक पहुंच गई जिससे वह तीन स्थान की उछाल से दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बन गए। इस तरह उन्होंने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की। अदणी समूह के चेयरमैन और बिजनेस टाइकून गौतम अदाणी ने शनिवार को ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानंद की सराहना की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया, बधाई हो प्रज्ञानंद! आप पर गर्व है! उजचेस कप जीतना, भारत का नंबर एक और दुनिया के चौथे नंबर का खिलाड़ी बनना क्या उपलब्धि है! और आप अभी भी सिर्फ 19 साल के हैं!



## श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रन से पीटा, सीरीज जीती

**कोलंबो, एजेंसी।** प्रभात जयसूर्या ने श्रीलंका को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश पर पारी और 78 रनों से जीत दिलाई। उन्होंने चौथे दिन शनिवार को आधे घंटे के भीतर मैच समाप्त कर दिया और 1-0 से सीरीज पर कब्जा कर लिया। बाएं हाथ के स्पिनर को टर्निंग ट्रैक पर खेलना मुश्किल था, उन्होंने दूसरी पारी में 56 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 133 रन पर ढेर हो गई। सुबह 6 विकेट पर 115 रन से आगे खेलने उतरी बांग्लादेश को मुकाबले को आगे बढ़ाने के लिए चमत्कार की जरूरत थी। जयसूर्या ने सुनिश्चित किया कि कोई राहत न मिले, उन्होंने दिन के अपने पहले ओवर में लिटन दास को 14 रन पर आउट कर दिया। उन्होंने बल्लेबाजों के इर्द-गिर्द अपना जाल बुनना जारी रखा और लगातार ओवरों में नईम हसन और तैजुल इस्लाम को आउट किया। थारिंडू रत्नायके ने इबादत हुसैन को एलबीडब्लू आउट करके बांग्लादेश की उम्मीदों का अंत किया।

यह जीत मेजबान टीम के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत मिली। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन शादमान इस्लाम के 46 रनों के बावजूद वे अपनी पहली पारी में केवल 247 रन ही बना सके। श्रीलंका के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें डेब्यू करने वाले सोनल दिनुशा (22 रन पर 3 विकेट) और असिथा फर्नांडो (51 रन पर 3 विकेट) ने बढ़त बनाई। इसके बाद श्रीलंका के बल्लेबाजों ने दमदार खेल दिखाया। पथुम निसंका ने 158 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें कुसल मेंडिस ने 87 गेंदों पर 84 रन और दिनेश चांडीमल ने 93 रनों की पारी खेली। मेजबान टीम ने 458 रन बनाये और 211 रनों की बढ़त हासिल की। तैजुल इस्लाम ने 131 रन देकर 5 विकेट चटकाए, जो बांग्लादेश के गेंदबाजों के लिए एक बेहतरीन प्रयास था।



### पृथ्वी शॉ-उन्मुक्त चंद...

## धाकड़ हुई थी शुरुआत, कैसे गुमनामी में चले गए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कहानी... दो उन भारतीय क्रिकेटरों की, जिन्होंने अपनी कप्तानी में भारतीय टीम को अंडर-19 वर्ल्ड कप जिताया. फिर दिग्गज क्रिकेटर्स से उनकी तुलना की जाने लगी, मगर समय के साथ-साथ दोनों का प्रदर्शन फीका होता चला गया. एक ने तो भारतीय टीम के लिए इंटरनेशनल डेब्यू भी किया, लेकिन ज्यादा मैच खेल नहीं पाए. वहीं दूसरे को इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने का मौका नहीं मिला, तो बाहरी देश का रुख किया. बात हो रही है पृथ्वी शॉ और उन्मुक्त चंद की. एक समय था, जब इन दोनों खिलाड़ियों के नाम पर हजारों युवाओं ने क्रिकेटर बनने का सपना बुन लिया था. लेकिन जिन्हें वो आइडल मानने चले थे, वो एक तरह से गुमनामी में चले गए. क्रिकेट में केवल टैलेंट नहीं...अनुशासन, निरंतरता और मानसिक मजबूती भी मायने रखता है. ये तीनों चीजें एक साथ शायद उन्मुक्त और पृथ्वी में देखने को नहीं मिली. बात पहले उन्मुक्त चंद की करते हैं. जब साल 2012 के अंडर-19 वर्ल्ड कप में उन्मुक्त चंद ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खिताबी मुकाबले में नाबाद शतक (111*) जड़ा, तो ऐसा लगा जैसे टीम इंडिया को भविष्य का एक और बड़ा सितारा मिल गया हो.

## एमएलसी 2025: सिएटल ओर्कास की अंतिम गेंद पर रोमांचक जीत, आखिरकार खुला जीत का खाता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिएटल ओर्कास ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 18वें मैच में जीत दर्ज की। इस टीम ने एमआई न्यूयॉर्क को तीन विकेट से हराया। यह सिएटल ओर्कास की सीजन में पहली जीत रही। इससे पहले उसे लगातार पांच हार का सामना करना पड़ा था।

टीम प्वाइंट्स टेबल में सबसे अंतिम पायदान पर है। वहीं, दूसरी ओर एमआई न्यूयॉर्क ने पांचवीं हार का सामना किया है। टीम छह में से सिर्फ एक ही मैच जीतकर चौथे स्थान पर है। मुकाबले में टॉस हारकर बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई न्यूयॉर्क ने चार विकेट गंवाकर 237 रन बनाए। टीम ने जल्द क्विंटन डी कॉक (1) का विकेट गंवा दिया। यहां से कप्तान निकोलस पूरन ने मोनांक पटेल (20) के साथ दूसरे विकेट के लिए 56 रन जोड़े।

इसके बाद पूरन ने तजिंदर ढिल्लन के साथ तीसरे विकेट के लिए 158 रन जोड़े। इस साझेदारी ने टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया। तजिंदर 35 गेंदों में 95 रन की तूफानी पारी खेलकर आउट हुए। इस दौरान उन्होंने आठ छक्के और इतने ही चौके जड़े। वहीं, निकोलस पूरन 60 गेंदों में आठ छक्कों और सात चौकों की मदद से 108 रन बनाकर नाबाद रहे।



विपक्षी टीम की ओर से काइल मेयर्स और गेराल्ड कोएत्जी को दो-दो सफलता हाथ लगी। इसके जवाब में सिएटल ओर्कास ने अंतिम गेंद पर तीन विकेट शेष रहते जीत दर्ज की। टीम 10 रन पर जोश ब्राउन (5) का विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद काइल मेयर्स ने शायन जहांगीर (14) के साथ दूसरे विकेट के लिए 43 रन जोड़े। काइल मेयर्स ने 20 गेंदों में 37 रन बनाए, जिसमें दो छक्के और चार चौके शामिल रहे। उनके अलावा कप्तान सिकंदर रजा ने नौ गेंदों में 30 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। इस पारी में एक छक्का और छह चौके शामिल थे। सिएटल की जीत के हीरो शिमरोन हेटमायर रहे। इस खिलाड़ी ने 40 गेंदों में नौ छक्के और पांच चौके जड़ते हुए 97 रन की नाबाद पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हेनरिक क्लासेन ने भी 26 रन का योगदान टीम के खाते में दिया।

विपक्षी टीम की ओर से ट्रेंट बोल्ट ने सर्वाधिक तीन विकेट अपने नाम किए। उनके अलावा डेलानो पोटगीटर ने दो विकेट चटकाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

# MLC में पूरन ने ठोका तूफानी शतक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेजर लीग क्रिकेट 2025 में वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज निकोलस पूरन ने तूफानी शतक ठोक दिया. उन्होंने एमआई न्यूयार्क की ओर से कप्तानी पारी खेलते हुए सिएटल ओर्कास के खिलाफ 55 गेंदों में 8 छक्के और 6 चौकों की मदद से शानदार शतक बनाया. इस लीग में ये उनका दूसरा शतक है. इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलने वाले इस बल्लेबाज ने सिएटल ओर्कास के गेंदबाजों की खूब धुनाई की. उन्होंने करीब 184 की स्ट्राइक रेट से अपना शतक पूरा किया. पूरन ने इस मैच में 60 गेंदों में 7 चौकों और 8 छक्कों की मदद से नाबाद 108 रनों की पारी खेली. उनकी इस पारी की मदद से एमआई न्यूयार्क ने सिएटल ओर्कास के खिलाफ 20 ओवर में 4 विकेट पर 237 रन बनाए.



एमएलसी 2025 में एमआई न्यूयार्क के कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन का बल्ला अभी तक खामोश ही जा रहा था. उन्होंने पिछले 5 मैचों में केवल 66 रन ही बना पाए थे, लेकिन छठे मैच में वो कुछ सोचकर डलास के मैदान में उतरे थे. उन्होंने सिएटल ओर्कास के खिलाफ मैदान के चारों ओर शॉट लगाए. उन्होंने अपनी शतकीय पारी के दौरान 76 रन केवल बाउंड्री से बटोरे. इस दौरान उन्होंने किसी भी गेंदबाज को नहीं बख्शा. पूरन ने तजिंदर सिंह के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 68 गेंदों में 158 रनों की साझेदारी कर दी. ये एमएलसी में अब तक की सबसे बड़ी पार्टनरशिप है. तजिंदर सिंह ने केवल 35 गेंदों में 8 चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 95 रन बनाए. हालांकि वो अपना शतक बनाने से चूक गए, लेकिन उन्होंने अपनी टीम एमआई न्यूयार्क का स्कोर 200 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई. निकोलस पूरन अंत तक नाबाद रहे.

### एमएलसी में ठोका दूसरा शतक

निकोलस पूरन ने एमएलसी में अपना दूसरा शतक बनाया है. उन्होंने सिएटल ओर्कास के खिलाफ 60 गेंदों में नाबाद 108 रनों की पारी खेली. इससे पहले उन्होंने साल 2023 में नाबाद 137 रनों की पारी खेली थी. इस सीजन में पूरन ने 6 मैचों में 34.80 की औसत से 174 रन बनाए. इसमें एक शतक शामिल है. इसके अलावा उन्होंने एमएलसी में अब तक 21 मैच खेले हैं. इसमें पूरन ने 43.64 की औसत से 742 रन बनाए हैं. इसमें 2 शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं.

### यूएस ओपन बैडमिंटन:

## तन्वी शर्मा, आयुष शेट्टी का शानदार प्रदर्शन, सेमीफाइनल में जगह पक्की



**काउंसिल ब्लफ्स (अमेरिका), एजेंसी ।** उभरते भारतीय शटलर तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। इन युवा शटलर ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। 16 वर्षीय तन्वी ने सीधे गेम में उच्च रैंकिंग वाली मलेशियाई खिलाड़ी करुपथेवन लेत्शाना के खिलाफ आसान जीत दर्ज की। तन्वी ने 33 मिनट तक चले इस मुकाबले को 21-13, 21-16 से अपने नाम किया। वहीं, दूसरी ओर आयुष ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर विश्व चैंपियन चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। सेमीफाइनल में तन्वी का सामना यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की सुंग शुओ-युन को हराकर उलटफेर किया है। यह तन्वी का बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 इवेंट में पहला सेमीफाइनल है।

इस बीच, आयुष शीर्ष वरीयता प्राप्त चोउ टिएन-चेन से भिड़ने के लिए तैयार हैं। चोउ टिएन-चेन एक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी हैं, जिसने उन्हें ताइपे ओपन में हराया था। आगे की कड़ी चुनौती के बावजूद, आयुष 2025 के एक मजबूत अभियान से हौसला बढ़ा सकते हैं, जिसमें ऑरलियन्स मास्टर्स और ताइपे ओपन दोनों में सेमीफाइनल फिनिश शामिल है।

# जिला खनिज प्रतिष्ठान मद की राशि का विकास परक कार्यों में बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो : कलेक्टर




पन्ना

कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ संपन्न हुई बैठक में जिला खनिज प्रतिष्ठान मद की राशि से विभिन्न विकासपरक निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृति एवं उपयोगिता के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर विधायक गुनौर डॉ. राजेश वर्मा सहित जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे एवं नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय द्वारा भी विकास कार्यों के संबंध में राशि की उपयोगिता और समय सीमा में आवश्यक स्वीकृतियों के साथ गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य के लिए सुझाव दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों में डीएमएफ फंड की राशि का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

जिला खनिज प्रतिष्ठान मण्डल एवं जिला खनिज प्रतिष्ठान की कार्यपालिका समिति की बैठक में अवगत कराया कि पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयानुसार विकास कार्यों के संबंध में सभी स्वीकृतियां जारी कर दी गई हैं। अब इस बैठक के निर्णय के परिपालन में भी प्राथमिकता के साथ आवश्यक कार्यों व प्रस्तावों के आधार पर आगामी कार्रवाई प्रारंभ की जाए। बैठक में वर्तमान में उपलब्ध डीएमएफ राशि अनुसार विभिन्न कार्यों के लिए राशि निर्धारित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें मुख्य रूप से अमानगंज रोड पर अमझिरिया के निकट पिकनिक स्पॉट विकसित करने, श्री जगदीश स्वामी मंदिर परिसर से गत माह हटाए गए अवैध अतिक्रमण स्थल पर सीसी रोड निर्माण, कलेक्टेऊ्ट के दो प्रवेश द्वार पर स्वागत द्वार निर्माण सहित मुख्य मार्ग से कलेक्ट्रेट पहुंच मार्ग तक वर्तमान सीसी रोड के चौड़ीकरण एवं पेबर्स वर्क का कार्य शामिल है। समिति की बैठक में विभागवार प्राप्त प्रस्ताव अनुसार सहमति से अन्य कार्यों की स्वीकृति का निर्णय भी लिया गया। साथ ही जिला कलेक्टर द्वारा गत बैठक में स्वीकृत विभिन्न कार्यों की आगामी दिवसों में समीक्षा की बात भी कही गई। इसके अलावा विभागवार जरूरी कार्यों में अतिरिक्त आवंटन की मांग संबंधी प्रस्ताव और प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। कुछ कार्यों मे ग्राम पंचायत सरपंच की लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर ने धारा 48 के तहत कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

## आज अमानगंज में हुई सर्वाधिक वर्षा

**पन्ना।** पन्ना जिले में इस वर्ष एक से 27 जून तक 142.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस दौरान पन्ना में 117 मिमी, देवेन्द्रनगर में 105 मिमी, गुनौर में 146.4 मिमी, अमानगंज में 172 मिमी, पवई मे 96 मिमी, सिमरिया में 90.9 मिमी, शाहनगर में 155.4 मिमी, रैपुरा में 148.1 मिमी और अजयगढ़ में 254.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। आज सर्वाधिक वर्षा अमानगंज वर्षामापी केन्द्र में 24 मिमी दर्ज हुई, जबकि पन्ना में 23.2 मिमी, देवेन्द्रनगर में 8.5 मिमी, गुनौर में 16.4 मिमी, पवई में 5 मिमी, सिमरिया एवं शाहनगर में दो-दो मिमी, रैपुरा में 2.3 मिमी एवं अजयगढ़ में 7 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

## गुनौर विधायक ने सीसी रोड एवं टीन शेड निर्माण का किया भूमिपूजन

**पन्ना।** गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने आज ग्राम पंचायत महेबा में सीसी रोड एवं टीनशेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को सौगात प्रदान की। दोनों कार्यों की कुल लागत 50 लाख रूपए है। बहुप्रतीक्षित मांग पूर्ण होने से स्थानीयजनों में भी हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि जनहितैषी विकास कार्यों की सभी मांग निरंतर पूर्ण होगी।

# अवैध पिस्तौल रखने वाला आरोपी गिरफ्तार, देवेंद्र नगर थाना पुलिस की कार्यवाही

**पन्ना।** देवेंद्र नगर थाना पुलिस द्वाराद्वारा अवैध देशी पिस्टल 32 बोर एवं 02 जिन्दा कारतूस रखने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध अस्त्र-शस्त्र के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध सतत निगरानी रखते हुए वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।

फलस्वरूप दिनांक 26/06/2025 को थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मुटवा तिराहा के पास एक व्यक्ति अवैध हथियार पिस्टल लिये हुए है। सूचना की तस्दीक कर पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँची और संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना विजय सिंह यादव पिता रूप सिंह यादव निवासी अहिर गवा थाना बृजपुर बताया । पुलिस टीम द्वारा उसकी तलाशी लेने पर कमर में बायीं ओर बेल्ट में एक स्टीलनुमा लोहे की देशी पिस्टल 32 बोर एवं पिस्टल की मैगजीन में 02 जिन्दा कारतूस रखे होना पाया गया । पुलिस टीम द्वारा उक्त पिस्टल को जप्त किया जाकर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना देवेन्द्रनगर में अपराध क्रमांक 356/2025 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गयाहैं तथा उसके कब्जे से 32 बर पिस्टल एवं दो कारतूस बरामद किए गए उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक हरवचन सिंह कुड़ापे, प्र.आर. लक्ष्मीनारायण यादव, सतेन्द्र बागरी, राजेश मरावी, आर. राकेश पटेल, राहुल अहिरवार, म.आर. प्रियंका सिंह एवं अन्य पुलिस स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पुलिस टीम के कार्य की सराहना की गई है।

## बीरा चौकी प्रभारी रवि सिंह जादौन के संरक्षण में अनवरत चल रहा रेत का अवैध उत्खनन तथा परिवहन

**पन्ना।** पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील अंतर्गत अवैध रेत का उत्खनन तथा परिवहन लगातार अनवरत रूप से चल रहा है जिसमें क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी का संरक्षण रेत माफिया को रहता है उदाहरण के तौर पर अजयगढ़ तहसील की पुलिस चौकी बीरा में पदस्थ उप निरीक्षक रवि सिंह जादौन का संरक्षण सरे आम रेत माफिया को है इसी के चलते दिन रात अवैध रेत का कारोबार बीरा क्षेत्र में चल रहा है स्थानीय लोगों ने जिले के पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारियों से वर्षों से जमे चौकी प्रभारी को हटाए जाने की मांग की।

# संगठन सृजन अभियान को लेकर केंद्रीय पर्यवेक्षक ने ब्लॉक मुख्यालयों में कार्यकर्ताओं की ली बैठक




**पन्ना।** पन्ना जिले के प्रवास पर आए केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित सुभाष राव जनक ने जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली तथा कहां कि हम सभी को एक जुटता के साथ पार्टी के लिए तन मन धन से से कार्य करना है जिस पार्टी मजबूत हो सके उन्होंने पवई सिमरिया रैपुरा अजयगढ़ धरमपुर पहुंचकर सभी कार्यकर्ताओं से मेल मुलाकात की तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री सईद अहमद सह प्रभारी राजभान सिंह भी शामिल रहे बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह द्वारा की गई इस दौरान संगठन को मजबूत करने के लिए तथा पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया धरमपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में अनेक लोग शामिल रहे जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष भास्कर देव बुंदेला पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम अवतार तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष अजयगढ़ दादूराम मिश्रा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राकेश गर्ग अनीश खान मार्तंड देव बुंदेला मुरारी लाल थापक पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष राज बहादुर पटेल किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सेवालाल पटेल श्रीराम पाठक एनएसयूआई अध्यक्ष आकाश जाटव लाल साहब पन्ना ब्लॉक अध्यक्ष अक्षय तिवारी नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष रेहान मोहम्मद पार्षद वैभव थापक सचिन पांडे देवेंद्र नगर ब्लॉक अध्यक्ष आनंद शुक्ला सरदार सिंह यादव शंकर प्रसाद द्विवेदी अनुज श्रीवास शेख मोहम्मद जितेंद्र यादव सहित भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अधिमान्य पत्रकार संघ की बैठक संपन्न

## समस्याओं के निराकरण को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण फैसले




**पन्ना।** मध्यप्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त अधिमान्य पत्रकारो के संगठन पन्ना अधिमान्य पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग की अध्यछता में अधिमान पत्रकार संघ की बैठक का आयोजन सर्किट हाउस में किया गया जिसमें संघ को और सक्रिय बनाने, पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण एवं सरकार द्वारा अधिमान्य पत्रकारों को पूर्व में दी जा रही सुविधाओं को बहाल करने जैसे कई मुद्दों पर चर्चा की गई इसके बाद सभी पत्रकारों ने फैसला लिया की 30 जून 2025 को पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक साइन कृष्ण एस थोटा से मिलकर पत्रकारों कि समस्याओं पर चर्चा कर ज्ञापन देंगे इस संबंध में संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के समस्त मान्यता प्राप्त पत्रकार को उक्त बैठक में आमंत्रित किया गया था, संघ के नवीन सदस्य वरिष्ठ पत्रकार सुरेश पांडे, कादिर खान एवं दुर्गेश शिवहरे का स्वागत किया गया, सभी ने पत्रकारों को समाचार के दौरान होने वाली समस्या पूर्व में जो निर्णय लिए गए थे उनके क्रियान्वयन पर चर्चा की गई, सभी ने संघ को और सक्रिय बनाने पर सहमति जताई इस दौरान संरक्षक अरुण सिंह, सचिव शिवकुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मुकेश विश्वकर्मा, संजय तिवारी, मनीष मिश्रा,बीएन जोशी सहित उपस्थित पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किए , सभी ने तय किया कि जो सदस्य इस बार बैठक में नहीं आ पाए हैं उन्हें नियमित रूप से बुलाया जाए और अनिवार्य रूप से संघ की हर गतिविधि में शामिल किया जाए। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग,अरुण सिंह,मनीष मिश्रा, इंद्रमणि पांडे,बालकृष्ण शर्मा, सुरेश पांडे, राकेश शर्मा, बी एन जोशी, संजय तिवारी, अमित खरे, अनिल तिवारी, शिवकुमार त्रिपाठी,दीपक शर्मा कादिर खान, बृज किशोर द्विवेदी, मुकेश विश्वकर्मा दुर्गेश शिवहरे सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

# भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की पूर्व संध्या पर भजन संध्या सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन




**पन्ना।** सामाजिक साहित्यिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्था जिला पन्ना के तत्वाधान में श्रीश्री 1008 श्री जगदीश स्वामी रथ यात्रा महोत्सव की पूर्व संध्या पर 26 जून 2025 को पवित्र नगरी पन्ना के लवकुश वाटिका में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रथम चरण में शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक भक्तिमय कार्यक्रम तथा रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक साहित्यकार पत्रकार कलाकार एवं समाजसेवी जनों का सम्मान एवं 9 बजे से 11 तक कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यवसायी एवं समाजसेवी मनोज केसरवानी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमाशंकर मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार एकता मंच के अध्यक्ष शिवकिशोर पाण्डेय के द्वारा की गई। गरिमामयी कार्यक्रम में अतिथि गणों के सम्मान में कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मी नारायण चिरोलया ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर अतिथियों का पुष्पमाला शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया। इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान के तहत 80 साहित्यकार पत्रकार कलाकार समाजसेवी जनों को मंच पर विराजमान अतिथि गणों के द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। संजय सिंह राजपूत, राजेश रावत, वीरेंद्र सिंह यादव, संतोष तिवारी, सुनील अवस्थी, राजेंद्र कुशवाहा, सलीम खान, केके टेलर, राजकुमार वर्मा, राजमती केसरवानी, पूरनलाल कोरी, रोहित शर्मा, प्रमोद पाठक, मिथिलेश तिवारी, सुरेश खटीक, डालचंद, आचार्य जी, उपेंद्र सिंह, मोहित पाठक, विजय शर्मा, दीपक मिश्रा, श्रीमती पद्मनी कबीरपंथी, कुमारी, स्नेहा कबीरपंथी, रघुवीर तिवारी, रामकिशोर अहिरवार जमीर, जयदीप सिंह, शेर सिंह कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा, विजय कुमार शर्मा, अरविन्द सिंह यादव, हीरालाल विश्वकर्मा, अजय कोंदर, अकरम खान, रिंकू खान, राजकुमार प्रजापति, अनिल गुप्ता सहित साहित्य प्रेमी, काव्य प्रेमी, धर्मप्रेमी, गणमान्य नागरिकों सहित काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# ईव्हीएम वेयरहाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर भवन एवं परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान भारतीय जनता पार्टी से राजेश कुमार गुप्ता, आम आदमी पार्टी से अंजली यादव, बहुजन समाज पार्टी से चौधरी एस.बी. रमन, इंडियन नेशनल कांग्रेस से राजेश तिवारी, संजय अहिरवार सहित अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र, जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग राजमणि बागरी, उपयंत्री कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अतुल एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे भी उपस्थित रहे।

## शहरी परियोजना अंतर्गत 5 वार्डों में रिक्त हैं आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक पद

**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस क्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना पन्ना शहरी कार्यालय अंतर्गत पन्ना नगर के कुल 5 वार्डों में भी आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक रिक्त पद पर भर्ती की जाएगी, जबकि शहरी परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक भी पद रिक्त नहीं है। शहर के पद्मावती वार्ड क्रमांक 7, शिवाजी वार्ड क्रमांक 8, सुभाष वार्ड क्रमांक 10, राघवेन्द्र वार्ड क्रमांक 11 एवं गांधी वार्ड क्रमांक 12 के आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका पद पर भर्ती के लिए महिला आवेदिका आगामी 4 जुलाई तक एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राइज कॉन्क्लेव का किया शुभारंभ




**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को रतलाम में रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एण्ड एम्पलायमेंट (राइज) कॉन्क्लेव का शुभारंभ कर कई सौगातें प्रदान कीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पन्ना में जनकपुर स्थित डायमण्ड पार्क में 12 करोड़ 65 लाख रूपए लागत के अधोसंरचना विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय सहित कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, महाप्रबंधक उद्योग राहुल दुबे भी उपस्थित रहे। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियो को स्वरोजगार के लिए ऋण स्वीकृति पत्र भी वितरित किया गया।

## पुरी की तर्ज पर धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा





**पन्ना।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकल गई पूजा अर्चना करने के बाद रथों में विराजमान भगवान के रथों सलामी दी तत्पश्चात यात्रा प्रारंभ हुई इस दौरान हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से राज परिवार के सदस्य महाराजा छत्रसाल द्वितीय कलेक्टर सुरेश कुमार पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा थोटा सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए भारी बरसात होने के बाद भी लोगों का उत्साह काम नहीं हुआ पूरी की तर्ज पर प्रत्येक वर्ष निकलने वाली रथ यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# राजस्व निरीक्षक भोला प्रसाद साकेत की पदोन्नति को लेकर डॉ. एम.पी. पॉण्डेय ने प्रभारी मंत्री को सौंपा एक सूत्रीय ज्ञापन




पन्ना

अमानगंज तहसील में लंबे समय से सेवारत राजस्व निरीक्षक भोला प्रसाद साकेत की पदोन्नति को लेकर मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के जिला प्रवक्ता डॉ. एम.पी. पॉण्डेय ने बीते सप्ताह पन्ना आगमन पर जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार को एक सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने राज्य शासन से मांग की कि भोला प्रसाद साकेत को न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी पद पर पदोन्नत करते हुए आगामी 90 दिनों की समय सीमा में आदेश जारी किए जाएं। डॉ. पॉण्डेय ने बताया कि श्री साकेत ने लंबे समय तक लगन, ईमानदारी और निष्ठा के साथ शासकीय सेवाएं दी हैं, इसके बावजूद अब तक उन्हें पदोन्नति का लाभ नहीं मिल पाया है।

डॉ. पॉण्डेय ने इसे राज्य शासन की गंभीर विडंबना बताया और कहा कि विभिन्न विभागों में कार्यरत कई कर्मचारी 30 से 35 वर्षों की सेवा के बाद भी पदोन्नति के आदेश की प्रतीक्षा करते-करते सेवानिवृत्त हो जाते हैं। यह स्थिति कर्मचारियों के मनोबल को तोड़ने वाली और शासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करने वाली है।

इसी क्रम में उन्होंने पन्ना जिले में अनुकंपा नियुक्तियों के लंबित मामलों को लेकर भी चिंता जताई। डॉ. पॉण्डेय ने कहा कि यदि शासन स्तर से मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित कर जिलाधीशों को अधिकार दिए जाएं, तो अनुकंपा नियुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शीघ्र निर्णय लिए जा सकते हैं। उन्होंने जिला कलेक्टर सुरेश कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे जनहित योजनाओं के क्रियान्वयन में लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं और उन्हें यदि अनुकंपा नियुक्तियों में निर्णय लेने का अधिकार मिले तो यह आमजन के हित में होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि जिलेभर में भोला प्रसाद साकेत की पदोन्नति को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है और आमजन भी चाहते हैं कि ऐसे कर्मठ अधिकारी को समय पर उनका अधिकार प्राप्त हो। उन्होंने आशा जताई कि प्रमुख सचिव, राजस्व मंत्रालय, बल्लभ भवन शीघ्र ही इस विषय पर निर्णय लेकर कर्मचारी हित में ऐतिहासिक पहल करेंगे।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, रविवार 29 जून 2025




उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बनारस में होटल डबल ट्री बाय हिल्टन में आयोजित रोड शो का शुभारंभ किया। उसी अवसर का दृष्य।



# मानव के लिए भोजन और सोने के समान ही पर्यटन आवश्यक है

## रीवा में 26 और 27 जुलाई को होगी रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुढ़ पहुंचकर भैरवनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने वन विभाग की ग्राम वन समिति द्वारा पूर्व विधायक स्वर्गीय शिवनाथ पटेल की स्मृति में पौधे रोपित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा के साथ-साथ पूरे विन्ध्य में पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। भैरवनाथ मंदिर के विकास के लिए वरिष्ठ नेता और विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह जी के प्रयास फलीभूत हो रहे हैं। भैरवनाथ मंदिर धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केन्द्र बनेगा। हाल ही में मध्यप्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ और बनारस में कार्यक्रम आयोजित किए गए। उनमें मैंने रीवा के जलप्रपातों, विन्ध्य के धार्मिक स्थलों, मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी, संजय टाइगर रिजर्व के साथ-साथ भैरवनाथ मंदिर का भी प्रमुखता से उल्लेख किया। जो व्यक्ति एक बार इस मंदिर में भगवान भैरवनाथ का दर्शन कर लेगा, वह बार-बार यहाँ आएगा।



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव के लिए खाने और सोने के समान ही पर्यटन भी आवश्यक है। पर्यटन से उसे नवीन स्थानों और व्यक्तियों से संपर्क का अवसर मिलने के साथ मन की रोज-रोज की चिंतायें दूर होती हैं। विन्ध्य में पर्यटन की असीम संभावना है। विन्ध्य के समीप बड़ी जनसंख्या वाला राज्य उत्तरप्रदेश है। यहाँ के लोगों को पर्यटन के लिए आकर्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। अभी भी बहुती और पुरवा प्रपात देखने के लिए उत्तरप्रदेश से सैकड़ों पर्यटक आते हैं। रीवा में 26 और 27 जुलाई को रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से विन्ध्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जाएंगे। विन्ध्य क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन, वन्यजीव तथा प्राकृतिक स्थल एवं ऐतिहासिक स्थलों की भरमार है। अच्छी सड़कों, एयरपोर्ट और रेलमार्ग से विन्ध्य सभी प्रमुख स्थलों से जुड़ गया है। यहाँ पर्यटन का विकास होने से बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गुढ़ में सोलर प्लांट लगने के बाद इसके सीएसआर की राशि से कष्टहर नाथ शिवमंदिर, भैरवनाथ मंदिर तथा बूढ़ीमाता मंदिर का विकास किया गया है। भैरवनाथ में भव्य मंदिर निर्माण के साथ इसके समीप ही औद्योगिक केन्द्र का विकास किया जा रहा है। वन विभाग ने भैरवनाथ की पहाड़ी को हरा-भरा बनाने के लिए आधुनिक तकनीक से वृक्षारोपण शुरू करके सराहनीय पहल शुरू की है। समारोह में विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्षों भगवान भैरवनाथ खुले में रहे। उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से भैरवनाथ में भव्य मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है। अब भैरवनाथ और कष्टहर नाथ मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का सपना साकार होगा। गुढ़ का सोलर प्लांट भी दर्शनीय स्थल है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया सिंह स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# पुलिस द्वारा अवैध कोडिन युक्त नशीली कफ सीरप तस्करो के विरूद्ध की गयी कार्यवाही

**रीवा।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा गौरव राजपूत के कुशल नेतृत्व व उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा रेन्ज रीवा राजेश सिंह चंदेल एवं पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह व नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना थाना प्रभारी चोरहटा द्वारा स्टाफ के साथ मिलकर अवैध कोडन युक्त नशीली कफ सीरप की तस्करी करने वाले आरोपी सुजीत नागर उर्फ रिंकू को गिरफ्तार को किया गया। घटना का विवरण में दिनांक 27.06.2025 को उनि बालकेश सिंहथाना चोरहटा को मुखबिर की मिली सूचना की कुछव्यक्ति धौचट नगर के पास मे काफी मात्रा मे कोडिन युक्त नशीली कफ सीरप सप्लाई करने के लिये खडे हुये है, यदि समय रहते कार्यवाही की गयी तो तस्कर एवं बडी मात्रा में कोडिन युक्त नशीली कफ सीरप मिल सकती है। जिस पर उनि बालकेश सिंह व्दारा थाना स्टाफ के साथ मिलकर धौचट नहर के पास दबिश दी गयी जहाँ से एक आरोपी सुजीत नागर उर्फ रिंकू निवासी लवकुश नगर जिला छतरपुर को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही के दौरान मौके से ग्रे रंग की एक्सयूवी कार क्र. डीएल 8 सीएसी 1025 में 13 बोरियो में कुल 2965 नग नशीलीओनरेक्श कफ सीरप किमती कुल कीमती 578175 रू. एवं एक यमहा एम.टी कम्पनी मोटर साइकल कीमती करीब 100000-/ रु बरामद हुई जिसे मौके से जप्त किया गया एवं आरोपी सुजीत नागर उर्फ रिंकू निवासी लवकुश नगर जिला छतरपुर मप्र को गिरफ्तार कर न्यायालय रीवा से आरोपी कि रिमाण्ड ली जाकर नशीली कफ सिरफ के परिवहन एवं विक्रयके संबंध में पूछताछ की जावेगी। गिरफ्तारआरोपी में 01. सुजीत नागर उर्फ रिंकू पिता दुर्गा नागर उम्र 25 वर्ष नि. लवकुश नगर थाना लवकुश नगर जिला छतरपुर हाल किराये का मकान ढेकहाथाना सि.ला. जिला रीवा म.प्र. जप्त मशरूका में 1.13 बोरियो में कुल 2965 नग विंग्स बायोटैक कम्पनी की ओनरेक्श कफ सीरप कीमती 578175 रू 2. ग्रे रंग की एक्सयूवी कार क्र. डीएल 8 सीएसी 1025कीमती 2,00,000 रुपये 3. बिना नंबर की यमहा एम.टी मोटर सायकल कीमती करीब 100000-/रु महत्वपूर्ण भूमिका में थाना प्रभारी चोरहटा निरीक्षक आशीष मिश्रा, उनि बालकेश सिंह, सायबर सेल से उनि गौरव मिश्रा, सायबर सेल से उनि मृगेन्द्र सिंह सउनि मनोज बागरी, प्र.आर. शिवाजीत मिश्रा, आर. नीरज पाण्डेय पाण्डेय, आर. अंकित दुवे, आर मनोज यादव, आर धर्मेन्द्र पटेल

## चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ों का सत्यापन एक जुलाई से

**रीवा।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (एमपी ट्रांसको) द्वारा कनिष्ठ अभियंता (पारेषण-प्रशिक्षु) एवं लाइन परिचारक (प्रशिक्षु)-2024 के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया आगामी एक जुलाई से प्रारंभ होगी।

# पेट्रोल पंपों में की जा रही पेट्रोल और डीजल की गुणवत्ता की जाँच

**रीवा।** जिले के पेट्रोल पंपों में डीजल और पेट्रोल की गुणवत्ता की जाँच की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर खाद्य विभाग, नापतौल विभाग तथा पेट्रोलियम कंपनी के प्रतिनिधियों की टीम द्वारा पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि जाँच दल ने गर्ग फिलिंग स्टेशन गड़रिया रीवा तथा शिव फिलिंग स्टेशन लोही की जाँच की। दोनों पेट्रोल पंपों में डीजल और पेट्रोल के नमूने लेकर उनमें पानी सहित



किसी भी अन्य पदार्थ की मिलावट तथा डेंसिटी की जाँच परखनली टेस्ट से की गई। पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश देते हुए कहा गया कि डीजल और पेट्रोल के टैंकों की नियमित जाँच करें। इनके ढक्कन ठीक से बंद करके रखें। इनमें यदि पानी की मात्रा प्राप्त होती है तो इनका वितरण तत्काल बंद करें। डिपो से डीजल और पेट्रोल लेकर आने वाले टैंकरों में पहले डीजल-पेट्रोल की गुणवत्ता की जाँच करें। उसके बाद ही इन्हें अनलोड कराएं। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि पेट्रोल पंपों में डीजल पेट्रोल की गुणवत्ता तथा पानी की मात्रा की लगातार जाँच जारी रहेगी। जाँच दल में सहायक आपूर्ति अधिकारी सुभाष द्विवेदी, मापतौल अधिकारी सत्यनारायण तिवारी तथा पेट्रोलियम कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के प्रतिनिधि ऋषभ गुप्ता शामिल रहे।

# जिले में अब तक 121.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में 28 जून को 6.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 121.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक तहसील हुजूर में 139.3 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 92.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 184 मिलीमीटर, सिरमौर में 169.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 50 मिलीमीटर, सेमरिया में 150 मिलीमीटर, मनगवां में 112 मिलीमीटर तथा जवा में 78 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 33 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी।

# सनातन परंपरा और धार्मिक उत्सवों से ही भावी पीढ़ी सुखी होगी : शुक्ल

## विन्ध्य में धार्मिक उत्सवों की अनूठी परंपरा का भाग है रथयात्रा : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मानस भवन में आयोजित रथयात्रा समारोह में भगवान जगन्नाथ स्वामी का दर्शन तथा पूजा-अर्चन किया। उप मुख्यमंत्री ने भगवान की आरती करके विन्ध्य और मध्यप्रदेश के निवासियों के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में सनातन परंपरा और धार्मिक उत्सव संस्कृति का आधार हैं। इन्हीं से भावी पीढ़ी सुखी होगी। विन्ध्य में वर्ष भर विभिन्न धार्मिक उत्सवों की अनूठी परंपरा है। इनमें हर वर्ग के व्यक्ति उत्साह के साथ भाग लेते हैं। भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा भी इसी परंपरा का महत्वपूर्ण भाग है। भगवान जगन्नाथ स्वामी के




स्वागत में उमड़ा जनसैलाब श्रद्धा का प्रतीक है। समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जगतगुरू राघवाचार्य जी से आशीर्वाद प्राप्त कर कथा का श्रवण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य में जगतगुरू के चरण पड़े हैं। यह हम सबके लिए शुभ फलदायी है। आपकी रामकथा को यहाँ के लोग सदैव याद करते हैं। आपके कर कमलों से हिनौती गौधाम में गौशाला निर्माण का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। रीवा में बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में सात हजार गायों तथा लक्ष्मणबाग गौशाला में एक हजार गौ माताओं की सेवा की जा रही है। हिनौती गौधाम में 25 हजार गौमाता की सेवा होगी इससे निराश्रित गौमाता को आश्रय मिलने के साथ खेती की भी रक्षा होगी। कार्यक्रम में 21 वर्षीय आदर्श कुमार पाण्डेय ने जटिल योगासन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर श्री वीरेन्द्र गुप्ता तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# रीवा, उत्तर प्रदेश का गेटवे, मध्य प्रदेश आपके आतिथ्य सत्कार के लिए तैयार : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बनारस में होटल डबल ट्री बाय हिल्टन में आयोजित रोड शो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अधोसंरचना विकास, संस्कृति का संरक्षण और पर्यटन क्षेत्र में निजी सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा, उत्तर प्रदेश का गेटवे है। उत्तर प्रदेश से कनेक्टिवटी सुगम है। मध्य प्रदेश सभी आगंतुकों, पर्यटकों के आतिथ्य सत्कार के लिए तैयार है। रीवा में 26 एवं 27 जुलाई को मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। आप सभी इसमें आमंत्रित हैं। पर्यटन रोड शो में पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स, ट्रेवल एजेंट्स और होटल व्यवसाय से जुड़े हितधारक शामिल हुए। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश हमारी संस्कृति, विरासतों और धरोहरों को संजोकर पर्यटकों को सुखद और अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करें। बाबा महाकाल और बाबा काशी विश्वनाथ दुनियाभर के श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। पर्यटकों को एक समृद्ध और विविध अनुभव मिलेगा साथ ही धार्मिक, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य और विरासत पर्यटन को आकर्षित करने में सहयोग प्राप्त होगा। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स, ट्रेवल एजेंट्स और होटल व्यवसाय से जुड़े हितधारकों के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावे के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्यटन रोड शो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित संत श्री सतुआ महाराज, वाराणसी कैंट एरिया के विधायक श्री सौरभ श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश में नियमित चिकित्सक भर्ती प्रक्रिया, चिकित्सा महाविद्यालयों की क्षमता वृद्धि तथा स्वास्थ्य संस्थानों के अधोसंरचना विकास के कार्य भी निरंतर प्रगति पर हैं। इसी क्रम में 875 बंधपत्रधारी विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना की गई है, जिससे चिकित्सकीय संसाधनों को मजबूती मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पदस्थ सभी चिकित्सकों से अपेक्षा व्यक्त की है कि वे कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता एवं पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे जनसाधारण को श्रेष्ठ और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालयों से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके 875 बंधपत्रधारी चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। यह पदस्थापनाएँ चिकित्सकों द्वारा स्नातकोत्तर प्रवेश के समय प्रस्तुत अनिवार्य सेवा बंधपत्र के अनुक्रम में की गई हैं।

# धरती पर बढ़ रहे तापमान का एक कारण एसी का उपयोग भी है : प्रधान न्यायाधीश

## एयर कंडीशनर के बढ़ते प्रयोग से पर्यावरण में दुष्प्रभाव पर आयोजित हुई कार्यशाला

**रीवा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एसी के बढ़ते प्रयोग से पर्यावरण पर दुष्प्रभाव के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान ने कहा कि धरती में 1975 के बाद से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। इसमें अन्य कारकों के अलावा एसी का बढ़ता उपयोग भी प्रमुख कारण है। एसी का उपयोग अत्यधिक आवश्यकता पर ही करें। इसका तापमान 24 डिग्री सेल्सियस से 27 डिग्री सेल्सियस तक रखें, जिससे एसी का पर्यावरण पर दुष्प्रभाव कम हो। पर्यावरण संतुलित रहेगा तभी मानव जीवन



सुरक्षित रहेगा। जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरण का ही नहीं बल्कि मानव के अस्तित्व से जुड़ा मुद्दा है। न्यायपालिका को भी इस दिशा में प्रयास करके लोगों को जागरूक करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। कार्यशाला में जिला न्यायाधीश श्री सुधीर सिंह राठौड़ ने पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री समीर कुमार मिश्रा ने जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण के प्रमुख कारणों और इन पर नियंत्रण के प्रयासों की जानकारी दी। माडल साइंस कालेज की सहायक प्राध्यापक श्रीमती आरती तिवारी तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा ने भी कार्यशाला में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला में संविधान में दिए गए मौलिक कर्तव्यों में शामिल पर्यावरण संरक्षण तथा वन्यजीव संरक्षण के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि सुमित सिंह अनीष पाण्डेय, सुरेन्द्र सिंह, आनंद पाण्डेय, मंजूर अहमद, वन्यजीव संरक्षण कार्यकर्ता चक्रपाणि मिश्रा तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पॉलिटेक्निक कालेज में प्रवेश का अवसर

**रीवा।** शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज रीवा में विभिन्न इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में कक्षा 10वीं, कक्षा 12वीं तथा आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रवेश का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य ने बताया कि कालेज में प्रवेश की प्रथम चरण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। दूसरे चरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। पॉलिटेक्निक कालेज में सिविल इंजीनियरिंग में 41, मेकेनिकल इंजीनियरिंग में 36, इलेक्ट्रॉनिक एण्ड टेली कम्युनिकेशन में 50 तथा कम्प्यूटर हार्डवेयर में 52 सीटें रिक्त हैं। कक्षा 10वीं या इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त विद्यार्थी कालेज में प्रवेश लेकर डिप्लोमा प्राप्त कर सकते हैं। कालेज के विद्यार्थियों का प्लेसमेंट लगभग शत-प्रतिशत है।

# बिछिया पुलिस ने नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रीवा।** घटना का संक्षिप्त विवरण में दिनांक 08.06.25 को फरियादी उपस्थित थाना बिछिया आकर मौखिक रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 07.06.25 को समय करीबन 07.00 बजे शाम मेरी नाबालिक लड़की जिसकी उम्र 16 वर्ष जो घर से बिना कही चली गई जो घर वापस नही आई है। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति व्दारा अपहृता लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने की आशंका पर थाना बिछिया में प्रथम दृष्टया धारा 137(2) बी.एन.एस. अज्ञात आरोपी के विरूध्द कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया, घटना की सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह के कुशल मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती रितु उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक मनीषा उपाध्याय थाना प्रभारी बिछिया द्वारा टीम गठित कर मुखबिर सूचना तन्त्र मामूर किया जाकर नाबालिक लड़की को पुणें महाराष्ट्र से दस्तयाब किया जाकर पूछताछ कर कथन लिपिबद्ध किये गये जो अपने कथन में अर्जुन कोल निवासी वासिनपूर्वा रीवा द्वारा अपहृता को अपने साथ बिठ्ठल कालोनी थाना देहूरोड पुणें महाराष्ट्र ले जाना व किराये से कमरा लेकर पत्नी बनाकर रखना एवं इसके साथ कई बार गलत काम करना बतायीअपहृता के दस्तयाबी कथन एवं विवेचना में आये तथ्यों के आधार पर मामले में अपराध धारा 64(2)(ड्ढ) बी.एन.एस. एवं 5/6 पाक्सो एक्ट का समावेश किया जाकर मामले में अर्जुन कोल का नाम आरोपी के रूप में जोड़ा जाकर तलाश विवेचना में लिया गया। विवेचना के अनुक्रम आरोपी अर्जुन कोल पिता स्व. महेश कोल उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 40, वासिनपूर्वा थाना बिछिया जिला रीवा पुलिस हिरासत में लिया जाकर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकर किया जिसे अपराध का बोध कराते हुए प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार किया जाकर बाद चिकित्सकीय प्रक्रिया पूर्ण कर न्यायिक रिमाण्ड पर पेश माननीय न्यायालय किया गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को केन्द्रीय जेल रीवा दाखिल कराया गया।

नाम पता आरोपी अर्जुन कोल पिता स्व. महेश कोल उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 40, वासिनपूर्वा थाना बिछिया जिला रीवा(म.प्र.)

सराहनीय भूमिका में उप निरीक्षक मनीषा उपाध्याय थाना प्रभारी बिछिया, सउनि. संतोष पाण्डेय, सउनि. राकेश कुमार, प्र.आर. 962 कामदनाथ पाण्डेय, आरक्षक 259 रजनीश पटेल, आरक्षक 45 ओम प्रकाश नामदेव एवं महिला आरक्षक 1187 गायत्री चौधरी ।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833